ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्ष: 3 अंक : 187
मेरठ, बुधवार, 8 मई 2024
(पृष्ठ: 6)
मूल्य: 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार




पहाड़ का विनाश करती वनों की आग! कौन है जिम्मेदार ? .. 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि ... 6

## एक नजर..

### अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे : राहुल



गुमला (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना की शुरुआत सेना ने नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है। राहुल ने जीएसटी में संशोधन और आदिवासियों के लिए अलग धार्मिक संहिता का भी वादा किया। यहां एक चुनावी सभा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'हम शहीदों में कोई भेदभाव नहीं करना चाहते। देश के लिए बलिदान देने वाले हर व्यक्ति को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए, उसे पेंशन दी जानी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'भाजपा सरकार ने पांच कर स्लैब वाली गलत जीएसटी योजनाएं लागू कीं। हम इसमें संशोधन करेंगे और एक कर स्लैब बनाएंगे, जो न्यूनतम होगी।'

### राजस्थान से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का गुर्गा गिरफ्तार



मुंबई (एजेंसी)। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले महीने अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने में शामिल हमलावरों को वित्तीय मदद देने के आरोप में राजस्थान से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक गुर्गे को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद रफीक चौधरी (37) के रूप में की गई है। वह गोलीबारी मामले में गिरफ्तार पांचवां आरोपी है।

मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान के आवास के बाहर गोली चलाई थी और फरार हो गए थे। अधिकारी ने कहा कि मामले में पहले ही गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान चौधरी की भूमिका सामने आई। वह शूटर-सागर पाल तथा विक्की गुप्ता के साथ सीधे संपर्क में था। अधिकारी के अनुसार, चौधरी ने पाल और गुप्ता को मोटरसाइकिल खरीदने और एक घर किराये पर लेने में मदद की थी। अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी की घटना से पहले चौधरी नवी मुंबई के पनवेल गया था और पाल व गुप्ता के साथ रहा था।

### नदी में गिरा 666 करोड़ का सोना

इरोड (एजेंसी)। तमिलनाडु में इरोड के पास चिटोड में सोमवार देर रात करीब 666 करोड़ रुपये मूल्य के 810 किलोग्राम सोने के गहनों से भरा एक निजी बक्सा नदी में डूब गया। बाद में उसे निकाल कर गंतव्य तक पहुंचा दिया गया। पुलिस के अनुसार, गहनों से भरा बक्सा निजी फर्म का था, जिसे लेकर एक वैन कोयंबटूर से सलेम के लिए रवाना हुई थी। समथुवपुरम के पास अनियंत्रित होकर वाहन पलट गया और बक्सा नदी में जा गिरा। बाद में एक नया ट्रक और सुरक्षा कर्मी मौके पर भेजे। वे बक्सा निकालकर नये वाहन में सलेम के लिए रवाना हो गए।

# असम, गोवा में भारी मतदान, महाराष्ट्र फिसड्डी



नयी दिल्ली (एजेंसी)। लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व कहे जाने वाले मतदान में इस बार असम और गोवा के मतदाताओं का उत्साह काबिले तारीफ रहा। आम चुनाव के तीसरे चरण में कुल वोटिंग करीब 62 प्रतिशत हुई। सबसे ज्यादा 75.30: वोट असम में पड़े, जबकि 74.32 फीसदी वोटिंग के साथ गोवा दूसरे नंबर पर रहा। इसके बाद पश्चिम बंगाल रहा जहां वोटिंग 73.93 फीसदी हुई। महाराष्ट्र इस बार फिसड्डी रहा, जहां महज 54.98 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिहार और गुजरात में थोड़ा सुधार हुआ। यहां करीब 57-57 प्रतिशत मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिए करीब 55.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

यूपी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता मैनपुरी में 'बूथ लूटने' की कोशिश कर रहे थे और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। तीसरे चरण में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में छिटपुट हिंसा की सूचना मिली।

### यह है वोटिंग का आंकड़ा

| राज्य | वोटिंग (%) |
|---|---|
| असम | 75.30 |
| प. बंगाल | 73.93 |
| महाराष्ट्र | 54.98 |
| बिहार | 56.55 |
| छत्तीसगढ़ | 66.99 |
| द. दी., दा. न. हवेली | 65.23 |
| गोवा | 74.27 |
| कर्नाटक | 67.76 |
| मध्य प्रदेश | 63.22 |
| उत्तर प्रदेश | 57.34 |
| गुजरात | 56.83 |

# केजरीवाल को नहीं मिली फौरी राहत



नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। दो न्यायाधीशों की पीठ ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर कोई आदेश नहीं सुनाया। केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में धन शोधन का आरोप लगाया गया है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी की तरफसे पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने लोकसभा चुनावों के कारण केजरीवाल के प्रति किसी भी तरह की नरमी दिखाने का कड़ा विरोध किया और कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत देना नेताओं के लिए एक अलग श्रेणी बनाने के समान होगा। पीठ ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई को दो हिस्सों में बांटा है। केजरीवाल की मुख्य याचिका में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है और इसे अवैध घोषित करने का अनुरोध किया गया है, जबकि दूसरा पहलू मौजूदा लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए अंतरिम जमानत देने से संबंधित है। अदालत ने अंतरिम जमानत देने के मुद्दे पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस खन्ना ने अंतरिम जमानत के मुद्दे पर फैसला सुनाने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित किए बिना कहा, 'अगर कल नहीं, तो हम इस मामले पर बृहस्पतिवार को सुनवाई कर सकते हैं। अगर बृहस्पतिवार को नहीं, तो हम अगले सप्ताह विचार करेंगे।' गौर हो कि केस 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। यह नीति बाद में रद्द कर दी गई थी। केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### 20 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

दिल्ली की एक अदालत ने धन शोधन मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी। सीबीआई और ईडी के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी। केजरीवाल की हिरासत समाप्त होने पर उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था।

# मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए: लालू



पटना/ नयी दिल्ली (एजेंसी)। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि वह मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के पक्षधर हैं। लालू ने यह आरोप भी लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा संविधान और लोकतंत्र को खत्म करके आरक्षण समाप्त करना चाहती है। प्रसाद यहां विधान परिषद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। भाजपा और जदयू ने लालू के इस बयान की आलोचना की है। भाजपा ने कहा कि लालू प्रसाद की टिप्पणी से स्पष्ट हो गया है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' संविधान के मौलिक ढांचे में बदलाव करके एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से से मुसलमानों को आरक्षण देना चाहता है। जदयू ने कहा कि उनका रुख संविधान की मूल भावना के साथ-साथ मंडल आयोग की रिपोर्ट का भी उल्लंघन है।

# शाह बानो केस की तरह राम मंदिर का फैसला पलट देगी कांग्रेस: मोदी



बीड/खरगोन (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को उसी तरह पलट देगी, जैसे 1985 में शाह बानो मामले में अदालत के ऐतिहासिक फैसले को राजीव गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने पार्टी की तुष्टिकरण की राजनीति के तहत पलट दिया था। मोदी ने कहा कि हाल ही में पार्टी छोड़ने वाले एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने खुलासा किया है कि 'शहजादा' (सांसद राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) ने राम मंदिर मामले में चुनींदा लोगों की बैठक बुलाई और कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में वापस आती है तो शीर्ष अदालत का फैसला उसी तरह पलट दिया जाएगा जैसे उनके पिता (तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी) ने शाह बानो मामले में किया था।

गौर हो कि साल 1985 में, सुप्रीम कोर्ट ने इंदौर की एक मुस्लिम महिला शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया था। शाह बानो ने तलाक के बाद अपने पति से गुजारा भत्ते की मांग की थी। लेकिन तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने एक अधिनियम के माध्यम से फैसले को पलट दिया था। महाराष्ट्र के बीड में एक चुनावी रैली में मोदी ने कहा, 'ये लोग अन्य धर्मों के बारे में ऐसी बातें कहने की हिम्मत नहीं कर सकते। वे तुष्टीकरण की राजनीति के लिए भगवान राम और राम भक्तों का अपमान करते हैं।' उधर, मध्य प्रदेश के खरगोन में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश इतिहास के एक अहम मोड़ पर पहुंच गया है और लोगों को यह तय करना होगा कि देश 'वोट जिहाद' से चलेगा या 'राम राज्य' से। मोदी ने कहा, 'पाकिस्तान में आतंकवादी भारत के खिलाफजिहाद की धमकी दे रहे हैं और इधर, कांग्रेस के लोगों ने भी मोदी के खिलाफवोट जिहाद करने की घोषणा की है3 इसका मतलब है कि एक विशेष धर्म के लोगों को मोदी के खिलाफएकजुट होकर वोट करने के लिए कहा जा रहा है। कल्पना कीजिए, कि कांग्रेस किस स्तर तक गिर गई है।'

### कांग्रेस छोड़ चुके नेताओं की सुनिए

मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के इरादों को समझने के लिए आपको उन लोगों की बात सुननी होगी जो 20-25 साल से कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता रहे और अब इन लोगों ने कांग्रेस छोड़ दी है।' मोदी बोले, 'एक महिला ने कहा कि जब वह राम मंदिर गई तो उसे इतना 'टार्चर' किया गया कि उसे कांग्रेस छोड़नी पड़ी। इंडी गठबंधन के एक बड़े नेता ने कहा कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछता हूं कि आपके जो साथी ऐसा बोल रहे हैं उनकी मंशा क्या है?

### भाजपा के हुए शेखर सुमन, राधिका खेड़ा



नयी दिल्ली। अभिनेता शेखर सुमन और कांग्रेस की पूर्व नेता राधिका खेड़ा भाजपा में शामिल हो गए। सुमन ने 2009 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर पटना से लड़ा था लेकिन वह तीसरे स्थान पर रहे थे। इस मौके पर खेड़ा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस 'सनातन विरोधी, हिंदू विरोधी और राम विरोधी' बन गई है। 'मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षित सरकार के कारण यहां पहुंच सकीं। अगर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार से मुझे सुरक्षा नहीं मिली होती तो मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती।

### बोले- इसलिए चाहिए 400 सीट

मध्य प्रदेश के धार में प्रधानमंत्री मोदी बोले कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग मौजूदा लोकसभा चुनाव में 400 सीट जीते ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस न लाए और अयोध्या में राम मंदिर पर 'बाबरी ताला' न लगाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कांग्रेस को अपने वोट बैंक को फायदा पहुंचाने के लिए ओबीसी कोटा की 'डकैती' से रोकने के लिए 400 लोकसभा सीट चाहते हैं।

# मोदी, शाह, खड़गे और अखिलेश समेत कई हस्तियों ने डाले वोट



इटावा में वोट डालने पहुंचीं मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव। साथ हैं उनके पति एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अनेक हस्तियों ने मंगलवार को अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आम चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग के दौरान मोदी सुबह सात बजे अहमदाबाद शहर के रानिप इलाके में स्थित निशान पब्लिक स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह वहां पहले से मौजूद थे। शाह गांधीनगर सीट से ही चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने लोगों का अभिवादन किया और ऑटोग्राफदिए। मतदान केंद्र में प्रवेश करने से पहले उन्होंने अपने बड़े भाई सोमाभाई मोदी को झुककर प्रणाम किया। उधर, शाह ने पत्नी सोनल शाह, पुत्र जय शाह और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ वोट डाला। शाह ने मतदान केंद्र से बाहर आकर लोगों का अभिवादन किया और पास के एक मंदिर में अपने परिजनों के साथ पूजा-अर्चना की। वह हर बार मतदान के बाद इस तरह की परंपरा का पालन करते हैं। उधर, कर्नाटक के कलबुर्गी में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी वोट डाला। उन्होंने अपनी पत्नी राधाबाई खड़गे के साथ बसवनगर में मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। खड़गे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि, गुलबर्गा (कलबुर्गी) लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। उधर, अहमदाबाद से ही दिग्गज कारोबारी और अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अडाणी के साथ वोट डाला।





अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपनी पत्नी, बेटे और बहू के साथ।



कर्नाटक के कलबुर्गी में वोट देने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पत्नी राधाबाई के साथ।



अहमदाबाद में वोट डालकर लौटे अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी अपनी पत्नी प्रीति अडाणी के साथ।

# झारखंड के मंत्री का निजी सचिव गिरफ्तार

### नौकर से 32 करोड़ की बरामदगी



रांची (एजेंसी)। ईडी ने एक फ्लैट से 32 करोड़ रुपये से अधिक नकदी बरामद करने के बाद झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू नौकर जहांगीर आलम को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने राज्य के पांच स्थानों पर नये सिरे से तलाशी भी ली और राजीव कुमार नाम के ठेकेदार से 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 36.75 करोड़ बरामद किए जा चुके हैं।

सूत्रों ने बताया कि संजीव लाल और उनके नौकर से रातभर पूछताछ करने के बाद दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। विशेष अदालत ने दोनों को छह दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने अदालत को बताया कि संजीव लाल ने निविदाओं पर कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया था। ईडी ने यह भी दावा किया कि राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी अवैध नकद भुगतान सांठगांठ में शामिल थे।

राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में ईडी ने सोमवार को शहर में एक फ्लैट पर छापा मारा था जो कथित रूप से संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर का है।

# कुलगाम में टीआरएफ के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकी ढेर

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफके शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों के मुताबिक मारा गया 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) का शीर्ष कमांडर पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों की हत्या के कई मामलों में शामिल था। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरधी के अनुसार मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान बासित डार के रूप में की गई है, जो द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था।

सुरक्षाबलों को रेडवानी गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद सोमवार रात वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। 'आतंकवादियों की ओर से पहले गोलीबारी की गयी। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया, लेकिन उन्होंने सुरक्षाबलों पर लगातार गोलीबारी जारी रखी। इस अभियान में दो आतंकवादी मारे गए हैं और उनके शव बरामद कर लिए गए हैं।' बिरधी ने बासित डार के मारे जाने को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि वह श्रीनगर शहर में हुई घटनाओं सहित 18 मामलों में शामिल था। एनआईए ने 2022 में डार पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

## एक नजर..

## खुलेआम घूम रहे पुत्र के हत्यारोपित, नहीं हो रही कार्रवाई



### पीडित पिता ने अब डीएम से लगाई आरोपितों पर कार्रवाई की गुहार
### ट्यूबवैल के निकट गोबर के ढेर में मिला था युवक का शव

युरेशिया संवाददाता

शामली। थानाभवन निवासी एक व्यक्ति ने पुत्र की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने व आरोपितों के खुलेआम घूमने का आरोप लगाते हुए डीएम से आरोपितों के खिलाफकार्रवाई कर परिवार को न्याय दिलाने की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार थानाभवन के मौहल्ला शाहविलायत निवासी कल्लू मंगलवार को अपने परिजनों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा तथा डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 3 फरवरी 2024 को उसके पुत्र मनीष की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। मनीष चार दिन से घर से लापता था। परिवारवालों ने उसकी काफी तलाश की थी लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया था। उसके बाद मनीष का शव एक खेत की ट्यूबवैल के निकट गोबर के ढेर में पडा मिला था। जिस खेत के पास मनीष का शव मिला था उसी के निकट बरसीम के खेत में खून के छींटे भी मिले थे निकट ही एक कोठा बना हुआ था जिसका ताला तोडकर अंदर से फावडा निकाला गया, वहां भी काफी मात्रा में खून बिखरा हुआ था। कल्लू का आरोप है कि उक्त खेत के मालिक उनके पुत्र मनीष से रंजिश रखते थे और पहले भी कई बार उसे जान से मारने की धमकी दे चुके थे। उन्होंने आशंका जतायी कि उक्त लोगों ने उसके पुत्र की हत्या की है। जब उसके पुत्र का पोस्टमार्टम हुआ तो उसके शरीर के अंग, जीभ व कुछ अंग भी कटे हुए मिले थे। पीडित का कहना है कि कुछ लोग इस मामले को दबाने में लगे हुए हैं और पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है जिसके चलते आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं। पीडित पिता ने डीएम से जो अज्ञात में रिपोर्ट में दर्ज की गयी है उसमें उक्त आरोपितों के नाम भी शामिल कर उन्हें जेल भिजवाने की गुहार लगायी है ताकि मृतक की पत्नी व उसके चार छोटे बच्चों को इंसाफमिल सके।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

### अधिकारी अपने विभागीय दायित्वों के प्रति करें कार्य , योजनाओं से पात्र व्यक्ति को जोड़ना हमारा मुख्य उद्देश्य
### जनता के हित के लिए विकास कार्यों में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त
### निर्वाचन 2024 सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अधिक बधाई



युरेशिया संवाददाता

बागपत । जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह कटिबंध है जिलाधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्वाचन सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए बधाई दी और उन्होंने कहा कि जनपद में मतदान हो गया है अब सभी विभागीय अधिकारी आम जनमानस के उत्थान के लिए और जनपद के विकास के लिए अपने विभागीय दायित्वों के प्रति कार्य करें जिससे कि आम जनमानस को लाभ प्राप्त हो सके निर्वाचन के समय विकास संबंधित जिन विभागों की समाचार पत्रों में नकारात्मक खबरें प्रकाशित हुई थी उनके संज्ञान लेने के लिए भी निर्देशित किया और पीपीटी के माध्यम से समस्त समाचार पत्रों की खबरों की समीक्षा की जिलाधिकारी ने कहा समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का संज्ञान अवश्य लें और उसे पर कार्य करें।

उन्होंने विकास कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ,,उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी उन्होंने समस्त अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि अपने अंदर इंप्रूवमेंट कर लें जो जनता के हित में कार्य करने के लिए अधिकारियों पर पत्र आते हैं उसका समय अंतर्गत निस्तारण करें पत्र को अपने पास ना रखा जाए अधिकारियों को कार्य जनता के हित में जनता की भलाई के लिए कार्य करें।

अपने दायित्व के प्रति कार्यो पर अधिकारी अपना ध्यान दें और मनोयोग से कार्य करें उन्होंने यह भी कड़ी निर्देश दिए कि जो अधिकारी अपने कार्यों से बचने का प्रयास करेंगे या कार्यों के प्रति उत्तरदाई या गंभीरता प्रदर्शित नहीं कर पाएंगे ऐसे अधिकारियों के खिलाफकार्यवाही की जाएगी

जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि जो कार्य पूर्व में चल रहे हैं और अपूर्ण है उन कार्यों में गुणवत्ता के साथ तीव्रता लाई जाए जो किसी कार्य से लंबित हैं उनकी फाइल प्रस्तुत की जाए जिससे कि कार्य सुचारू रूप से चल सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार , जिला विकास अधिकारी हरेंद्र सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महावीर सहित आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर जानलेवा हमले में पिता-पुत्र गिरफ्तार



### आदर्श मंडी पुलिस ने आरोपितों से फरसा व डंडा किया बरामद
### कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर दबोचा, बाइक के पाटर्स बरामद

युरेशिया संवाददाता

शामली। क्षेत्र के गांव गोहरनी में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में आदर्श मंडी पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार करते हुए हमले में प्रयुक्त फरसा व डंडा भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को क्षेत्र के गांव गोहरनी में दो लोगों ने विवाद के चलते घर में घुसकर परिजनों पर धारदार हथियारों व लाठी, डंडों से हमला कर दिया था, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में पीडितों ने आदर्श मंडी थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो हमलावरों संजीव कुमार पुत्र ओमसिंह उर्फओमपाल व कुलजीत पुत्र संजीव निवासी गोहरनी थाना आदर्श मंडी को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से हमले में प्रयुक्त फरसा व डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

दूसरी ओर शामली कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की बाइक के पाटर्स बरामद किए हैं। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की बाइक के पाटर्स बरामद किए हैं। पूछताछ में चोर ने अपना नाम विपिन पुत्र बाबूराम निवासी मौहल्ला पंसारियान शामली बताया। पुलिस के अनुसार मौहल्ला दयानंदनगर निवासी अनिल कुमार की अज्ञात चोरों द्वारा हनुमान टीला से बाइक चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# राजतिलक के साथ श्रीराम कथा का समापन





### राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीराम कथा में भगवान राम के राजतिलक का प्रसंग
### कथा की समाप्ति पर मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के धीमानपुरा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीराम कथा का मंगलवार को समापन हो गया। अंतिम दिन भगवान श्रीराम के राजतिलक का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। शाम के समय मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार शहर के धीमानपुरा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीरामकथा का मंगलवार को समापन हो गया। अंतिम दिन कथा की अमृतवर्षा करते हुए कथावाचक शिवकुमार महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने वन में जाकर अनेकों महापुरुषों, संतों का सम्मान करते हुए उनका मान बढाया तथा सभी को समाज को एक साथ चलने की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि समाज का उत्थान तभी हो सकता है जब हम सबके कष्टों को दूर करने का प्रयास करें। भगवान श्रीराम ने भी ऐसा ही किया था। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीराम सबके हृदय में विराजमान ह। भगवान खुद चलकर माता शबरी के द्वार पर पहुंचे तथा उनका उद्धार किया। श्रीराम ने मित्रता का नाता निभाते हुए अपने दुख को भूलकर सुग्रीव पर कृपा की। असुरों का संहार करने के बाद भगवान श्रीराम माता सीता, लक्ष्मण के साथ अयोध्या नगरी में आए। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के राजतिलक की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा की समाप्ति पर मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर राजेश जांगिड, रामकुमार, वासु धीमान, विनीत साजन, कमलकांत धीमान, गुड्डन, रियांस, वंश, अंश, आर्यन, आरव, रीता, रीना, सोनिया, मंजू, ममता, शिवानी आदि भी मौजूद रहे।

## शिक्षण संस्थाओं में उल्लास से मनाई टैगोर जयंती



युरेशया संवाददाता

शामली। शहर के शिक्षण संस्थाओं में मंगलवार को गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती उल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर शिक्षकों ने गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डाला। जानकारी के अनुसार शहर के शिक्षण संस्थाओं में मंगलवार को गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती उल्लास के साथ मनायी गयी। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक सागर कुमार ने बताया कि गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर कवि, लेखक, नाटककार, संगीतकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार के रूप में भारतीय जनमानस में अपना विशेष स्थान रखते है। उन्होंने ब्रिटेन से भारतीय स्वतन्त्रता की वकालत की। उन्हें बंगाल पुर्नजागरण के प्रतिपादक के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद शर्मा व संचालन ब्रिजेश सैनी ने किया। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य मलूक चन्द्र, पुष्पेन्द्र शर्मा, नीटू कश्यप, संजू कुमार, अशोक सोम, सतेन्द्र कुमार, परितोष कुमार, कवीन्द्र कुमार, ललित कुमार, कुलदीप कुमार, मधुबन शर्मा आदि उपस्थित रहे। वहीं सेंट आरसी स्कूल में भी गुरु रविन्द्रनाथ टैगौर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। प्रधानाचार्य उज्मा जैदी ने टैगोरजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रविन्द्रनाथ टैगोर एक महान कवि, लेखक, नाटककार, संगीतकार, चित्रकार, और दार्शनिक थे वे विश्व विख्यात महाकाव्य गीताजलि की रचना के लिए नोबेल पुरूस्कार जीतने वाले पहले भारतीय थे। इस मौके पर स्कूल डायेक्टर भारत संगल, अंजू पंवार, महक नामदेव, अंजुल चौधरी व मनीष मिश्रल, सतीश जैन आदि मौजूद रहे। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रा भूमिका गर्ग ने टैगोर जी की साहित्य साधना पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने बताया कि वे गुरुदेव नाम से प्रसिद्ध है और साहित्य में प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता भारतीय है। इस अवसर पर कविता, गीता, उपासना, नीलम, संदीप, मोहित, कपिल, विकास, रवि आदि मौजूद रहे

## प्रेमी युगल ने जहर खाकर दी जान, दो परिवारों में कोहराम





### भौराखुर्द व सिसौली के निवासी था प्रेमी युगल, उपचार के दौरान दम तोडा
### पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

युरेशया संवाददाता

शामली। परिजनों द्वारा प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर एक प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक व युवती की मौत से दोनों ही परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर जनपद के गांव भौराखुर्द निवासी मोनू उर्फविपिन कश्यप पुत्र राजसिंह का कस्बा सिसौली निवासी एक युवती निशा के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि दोनों के परिजनों को जब इस प्रेम संबंधों की जानकारी हुई तो उन्होंने कडा विरोध किया तथा उनके मिलने जुलने पर प्रतिबंध लगा दिया लेकिन इसके बावजूद भी प्रेमी युगल चोरी छिपे मिलता रहा। परिजनों के कडे विरोध के चलते आखिरकार प्रेमी युगल साथ मरने का फैसला कर लिया। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह प्रेमी युगल बाइक पर सवार होकर घर से निकल गया। दोनों फुगाना थाना क्षेत्र के गांव करौदा महाजन स्थित एक भट्टे के निकट पहुंचे तथा दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसी दौरान उन्होंने अपने-अपने परिजनों को जहर खाने की भी सूचना दी जिससे दोनों के परिजनों में हडकंप मच गया। आनन-फानन में परिजन जब तक मौके पर पहुंचे तब तक निशान व मोनू बेसुध हो चुके थे। परिजन आनन-फानन में दोनों को उपचार के लिए पहले जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रैफर कर दिया, इसके बाद परिजन दोनों को लेकर शामली के एक निजी चिकित्सालय पहुंचे जहां उपचार के दौरान निशा व मोनू ने दम तोड दिया। वहीं सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा शवों को अपने कब्जे में ले लिया। प्रेमी युगल की मौत से दोनों ही परिवारों में कोहराम मचा हुआ है

# युवक की हत्या में वांछित महिला आरोपित गिरफ्तार

### दो आरोपितों को पुलिस मुठभेड में पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार
### एक मई को भूरा रोड पर खेत में पडा मिला था युवक का शव



युरेशया संवाददाता

शामली। कैराना पुलिस ने युवक की हत्या में वांछित एक महिला आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस हत्याकांड के दो आरोपितों को मुठभेड में पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 1 मई को कैराना के मौहल्ला आलखुर्द निवासी तौहीद के भूरा रोड स्थित ईख के खेत के निकट एक युवक का शव पडा मिला था। मृतक की शिनाख्त 24 वर्षीय अमित पुत्र शिवबालक के रूप में हुई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। शनिवार की देर रात एसओजी शामली व कैराना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अमित की हत्या में शामिल दो आरोपितों को जहानपुरा स्थित एक अमरुद के बाग के निकट से मुठभेड के बाद दबोच लिया। एक आरोपित अमन त्यागी पुत्र ओम निवसी गांव ताजपुर थाना बापौली जनपद पानीपत हरियाणा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया था। आरोपितों ने पूछताछ में बताया था कि पैसों के लालच में उन्होंने अमित का कत्ल किया। हत्या से पूर्व उन्होंने अमित को शराब पिलाकर उसके खाते से 1.25 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांजेक्शन करा लिए थे। बाद में शव को भूरा रोड सब्जी मंडी से आगे आम के बाग के निकट खेत में फेंक दिया था। कोतवाली प्रभारी वीरेन्द्र कसाना ने बताया कि हत्याकांड में महिला आरोपित ज्योत्सना पुत्री चंद्रभान निवासी मौहल्ला किशनगंज करोलबाग थाना देशबंधु गुप्ता रोड नई दिल्ली अभी तक फरार थी जिसे मंगलवार को दबोच लिया गया जबकि अन्य की तलाश की जा रही है जिन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हीटवेव से बचाव के उचित प्रबंध करें अधिकारी: डीएम

### जनपद में लू से बचाव व राहत के संबंध में डीएम ने ली बैठक
### गौ आश्रयस्थलों पर भी हीटवेव से बचाव के इंतजाम करने के निर्देश




युरेशया संवाददाता

शामली। जनपद में हीटवेव (लू) से बचाव एवं राहत के संबंध में डीएम रविन्द्र सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें दिशा निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने गौ आश्रय स्थलों में भी हीटवेव से बचाव के उचित प्रबंध करने के भी कडी हिदायत दी है।

मंगलवार को डीएम रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हीटवेव (लू) से बचाव एवं राहत के संबंध में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने सभी अधिकारियों को लू से बचाव हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को जन जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के अलावा पशुपालन विभाग को गौ आश्रय स्थलों पर हीटवेव से बचाव के भी उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। डीएम ने नगर निकायों को चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल की समुचित व्यवस्था आवश्यकतानुसार नगरीय क्षेत्रों, स्थलों पर (जहां छाया हो) आदि का चिन्हीकरण करते हुए विभिन्न स्थलों पर प्याऊ आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए। इसके अलावा हीट वेव को लेकर फायर विभाग, पंचायती राज विभाग आदि विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत डीएम रविन्द्र सिंह, एडीएम संतोष कुमार सिंह द्वारा आपदा राहत मानक राशि बुक एवं लू से संबंधित पोस्टर का शुभारंभ किया गया। बैठक में सीडीओ विनय कुमार तिवारी, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ, जिला आपदा विशेषज्ञ नेहा दूबे, जिला पूर्ति अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अग्निशमन विभाग, जिला कृषि अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, नलकूप खंड, जल निगम आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# तटबंधों, बंधों के कटान व दरार को रोकने के उपाय करें अधिकारी

### सूखा, बाढ, अतिवृष्टि व बाढ से प्रभावित लोगों को राहत के संबंध में डीएम ने ली बैठक




युरेशिया संवाददाता

शामली। सूखा एवं बाढ, अतिवृष्टि प्रबंध योजना के क्रियान्वयन तथा बाढ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत दिलाने के संबंध में मंगलवार को डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्टीयरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डेऊनेज खंड अधिशासी अभियंता सुधांशु मनोहर सिंह ने बताया कि जनपद में यमुना मार्जिनल तटबन्ध का निरीक्षण किया जाएगा तथा इसमें रेनकट्स एवं रैटहॉल्स आदि को निरीक्षण कर बाढ़ काल से पूर्व ठीक करा लिया जाएगा। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि तटबंधों, बंधों के कटान एवं दरार आदि को रोकने के समुचित उपाय किए जाएं तथा जो निर्माण कराये जा रहे हैं अथवा कराए जाने हैं उनमें गति लाते हुए बाढ़ से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम द्वारा बाढ़ से पूर्व एवं बाढ़ के दौरान क्या-क्या तैयारी की जानी है, को लेकर भी सभी एसडीएम व संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए, साथ ही सभी विभागों को संबंधित कार्य योजना तैयार कराकर 20 मई तक रिपोर्ट देने की भी निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि इसमें लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बाढ़ प्रबंधन योजना को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए समस्त संबंधित विभागों को किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सूची भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ से उत्पन्न होने वाले विभिन्न बीमारियों से निपटने हेतु दवाई आदि की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। लोक निर्माण विभाग को बाढ़ के दौरान बंद हो जाने वाले मुख्य मार्गों के अलावा वैकल्पिक मार्गो के मरम्मत का कार्य भी वर्षा के समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। पंचायतीराज विभागनगर निकाय को खराब हैंडपंपों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने पशुपालन विभाग में भूसा दान और वैक्सीनेशन की समीक्षा की और गौशाला में व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम संतोष कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे

## संपादकीय


# शांति की पहल हो
## मणिपुर के जख्मों पर मरहम लगाने का वक्त


संजय त्यागी 'महादेव'

कभी बेहद शांत कहे जाने वाले मणिपुर में हिंसक संघर्ष शुरू हुए एक साल बीत चुका है। बीते साल तीन मई से राज्य में जातीय संकट के भयावह दृश्य नजर आये थे। जातीय संकट से जूझ रहे राज्य में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के विरोध में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' कालांतर हिंसक संघर्ष में बदल गया था। इसके बाद मणिपुर की घाटी में रहने वाले मैतेई व पहाड़ियों में रहने वाले आदिवासी कुकी समुदाय के बीच हिंसक झड़पे शुरू हो गई थीं। बताते हैं कि संघर्ष में भाजपा शासित इस राज्य में दो सौ से अधिक लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। इतना ही नहीं, संघर्ष में हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं। जो विभिन्न शरणार्थी शिविरों में अपने दिन गुजार रहे हैं। यह विडंबना ही है कि केंद्र व राज्य सरकारें दोनों समुदायों के बीच उत्पन्न मतभेदों को दूर करने में विफल रही हैं। जिसके चलते राज्य में शांति व सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो पायी है। विपक्षी दल कुशासन व अक्षमता के आरोप लगाकर लगातार मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की मांग करते रहे हैं। लेकिन भाजपा उनके साथ लगातार खड़ी नजर आई। हालांकि, बीते साल स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि पूरा देश मणिपुर के साथ खड़ा है। यह भी कि केंद्र और राज्य सरकारें इस जटिल मुद्दे के समाधान के लिये यथासंभव प्रयास करेंगी।

हालांकि, कई बार केंद्र सरकार की ओर से हिंसा प्रभावित राज्य में कानून–व्यवस्था की स्थिति में सुधार की बात भी कही गई। वहीं दूसरी ओर विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि प्रधानमंत्री देश–दुनिया की यात्राएं लगातार करते हैं लेकिन उन्होंने मणिपुर जाकर दूरियां घटाने का प्रयास नहीं किया। विपक्ष कहता रहा है कि केंद्र सरकार ने मणिपुर के लोगों को उनकी किस्मत के भरोसे छोड़ दिया। कहा जाता रहा है कि केंद्र की राजनीति में मणिपुर की बड़ी भूमिका नहीं होती, इसलिए इस संकट के समाधान की तरफ गंभीर पहल नहीं हुई। दरअसल, राज्य से दो ही सांसद चुने जाते हैं, इसलिये चुनाव को लेकर शेष भारत जैसी गहमागहमी राज्य में नजर नहीं आई। इसके बावजूद अच्छी बात यह है कि इस दुस्वप्न के बाद भी मणिपुरियों की लोकतंत्र में आस्था को कम नहीं किया जा सका। लोगों ने शेष भारत से अधिक प्रतिशत में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। असामाजिक तत्वों द्वारा ईवीएम को नुकसान पहुंचाने तथा मतदाताओं को धमकाकर मतदान को बाधित करने के प्रयासों को लोगों ने भारी मतदान से निरर्थक बना दिया। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों को अपने व्यवहार में धीरता–गंभीरता लानी चाहिए। उन समूहों व संगठनों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जो दोनों समुदायों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम कर सकें। मणिपुर की तनावपूर्ण स्थितियों को काफी समय हो चुका है। यह राज्य अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट एक संवेदनशील क्षेत्र है। इस सीमावर्ती राज्य में शांति और स्थिरता लाने के लिये नीतियों में बदलाव लाने की सख्त जरूरत है।

# पहाड़ का विनाश करती वनों की आग! कौन है जिम्मेदार ?


मनोज कुमार अग्रवाल

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



इस बार भी गर्मी बढने के साथ ही पहाड़ के वन क्षेत्र से आग की घटनाएं सामने आ रही है। यह कोई नया नहीं है हर साल पहाड़ पर आग की घटनाएं लगातार घटने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है ऐसी स्थिति में सबसे पहले उन कारणों पर गौर करना जरूरी है जिनके कारण जंगल जल रहे हैं। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों मे इन दिनों जंगल आग की चपेट में हैं। इस फायर सीजन में जंगल की आग की 886 घटनाएं हो चुकी हैं। जिसकी चपेट में आकर अब तक पांच की मौत और पांच लोग घायल हो चुके हैं। वहीं, 1107 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है।उत्तरकाशी जिले की बाड़ाहाट रेंज से लेकर धरासू रेंज के जंगल अधिक जल रहे हैं। उत्तराखंड में जंगल की आग भयावह हो गई है। शुष्क मौसम के चलते तेजी से फैल रही आग काल बन रही है। लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं में बीते रोज तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि, एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। शुक्रवार को 24 घंटे के भीतर प्रदेश में आग की 64 नई घटनाएं हुईं, जिनमें कुल 75 हेक्टेयर वन क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है।विभाग के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो अब तक 19.55 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल गए हैं। जहां धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं आग बुझाने में वन विभाग नाकारा साबित हो रहा है।आग का एक बड़ा कारण स्थानीय ग्रामीण लोगों की नादानी है वह सूखी पत्तियों के सफाए के लिए आग जलाने की गलती करते हैं यही आग बढ़ कर भारी क्षति का कारण बनती है।

उत्तराखंड में जंगलों के झुलसने का सिलसिला जारी है। वन विभाग सेना के सहयोग से लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। शरारती तत्व भी वन विभाग की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। अब तक इस सीजन में जंगल में आग लगाने पर वन संरक्षण अधिनियम और वन अपराध के तहत 350 मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। जिनमें 290 मुकदमे अज्ञात और 60 मुकदमे ज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कराए गए हैं।साथ ही अब तक कुल 58 व्यक्तियों को जंगल में आग लगाने पर गिरफ्तार किया जा चुका है। वन विभाग की ओर से मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

गर्मी चरम पर है एक ओर देश के कई हिस्सों में तापमान 44 वर्ष के रिकॉर्ड तोड़ चुका है और श्आसमान से अग्निवर्षा अभी जारी है। वहीं, उत्तराखंड में भी पारा तीस से पार पहुंच गया है ऐसे में जंगल जलने लगे हैं। देखते ही देखते दावानल ने विकराल रूप धारण कर लिया है और अब जंगलों की इस आग को बुझाने के लिए सेना की मदद ली जा रही है। संभवतः यह कदम भी इसलिए उठाना पड़ रहा है क्योंकि नैनीताल में दावानल रिहायशी क्षेत्रों तक आ पहुंची है, पिछले शुक्रवार–शनिवार को नैनीताल की हाईकोर्ट कॉलोनी के घरों तक इसकी लपटें पहुंच गई। जंगलों में इस तरह की आग न पहली बार है और न ही आखिरी बार। हर साल लाखों पेड़ इसी तरह अग्नि की भेंट चढ़ जाते हैं। इससे निपटने के लिए सरकार क्या कर रही है? हर बार की तरह लकीर पीटी जा रही है। आग लगने से पहले बचाव कदम उठाने के बड़े–बड़े दावे कागजों पर किए जाते हैं, फिर जब आग लग जाती है तो पूरा अमला उसे बुझाने में जुटता है। हर बार की यही कहानी।

हर बार मीडिया में किसी कोने में छोटी–मोटी खबरों में दब जाने वाली जंगलों की आग का असर कितना है, पहले यह समझते हैं।एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में जंगलों पर नजर रखने वाले ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच डेटा से पता चलता है कि भारत में 2000 के बाद से 23.3 लाख हेक्टेयर वृक्ष क्षेत्र नष्ट हो गया। इसके पीछे प्राकृतिक गड़बड़ी और मानव–प्रेरित दोनों कारकों को कारण माना गया है। कुल वृक्ष आवरण की बात करें तो पिछले 23 वर्ष में देश के वृक्ष आवरण में 6 प्रतिशत की कमी आ गई है।

आपको बता दें कि साल 1980 में वन संरक्षण अधिनियम बनने के बाद से अब तक देशभर में लगभग 10 लाख 26 हजार हेक्टेयर वन भूमि का गैर वनीय उपयोग के लिए डायवर्जन हुआ है। यह क्षेत्र कितना बड़ा है, इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि यह भूमि दिल्ली के क्षेत्रफल से लगभग 7 गुना अधिक है। उदारीकरण से ठीक पहले साल 1990 में सर्वाधिक 1 लाख 27 हजार से अधिक वन भूमि का डायवर्जन हुआ है। दूसरा सबसे बड़ा डायवर्जन साल 2000 में हुआ। इस साल 1 लाख 16 हजार से अधिक वन भूमि गैर वनीय उपयोग के लिए डायवर्ट की गई। सबसे अधिक डायवर्जन सड़कें बनाने और खनन के लिए किया जाता है। इसके अलावा ट्रांसमिशन लाइनों, सिंचाई परियोजनाओं, रक्षा परियोजनाओं, रेलवे, नहरों, वनग्रामों के कन्वर्जन, उद्योग, पाइपलाइन आदि के लिए भी बड़े पैमाने पर वनभूमि का डायवर्जन हुआ है।

साल दर साल ऐसी घटनाएं होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि कोई भी सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है । ताजा घटनाओं को ही ले लीजिए। वन जल रहा है 24 घंटे में वन में आग लगने की 31 घटनाएं हुई, 4 हैक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। लेकिन इतनी व्यापक वजूद आर्थिक क्षति मात्र 39,440 रुपये की बताई जा रही है। जब क्षति का आकलन इतना कम करके आंका जाएगा तो जंगल जलने से कैसे बचाया जाएगा।

नेपाल सीमा पर स्थित जंगलों में लगी आग से जहां वन संपदा नष्ट हो रही है वहीं आग की चपेट में आकर वन्य जीव संकट में आ चुके हैं। आग से बचने के लिए वन्य जीव गांवो की तरफ आ रहे हैं उनके शिकार के लिए गुलदार दिनदहाड़े गांव में पहुंच रहे हैं। गेठीगड़ा के भेलानी गांव में दिन में ही आंगन में ही गुलदार पहुंच गया।

सरकार की एजेंसिया ही सरकार को गलत रिपोर्टिंग कर गुमराह कर रही है और कागज पर आग लगा बुझा कर अपनी पीठ थपथपा रहीं हैं और सरकारी फंड को उदरस्थ कर रहीं हैं। जंगल जलने के दो सबसे बड़े कारण हैं पहला चीड़ के जाने वाला गोंद लीसा (रेजिन)। यह चीड़ के पेड़ में भारी मात्रा है, इसी से तारपीन का तेल निकलता है जो अत्यंत ज्वलनशील इस कारण गर्मी में हल्की–सी रगड़ से ही ये दहक उठते हैं। दूसरा है भेड़–बकरी पालने वाले चरवाहों की लापरवाही। इनको पशुओं के लिए ताजी घास की जरूरत होती है, इसलिए ये आग लगा देते हैं ताकि सूखे पत्ते जलें और बारिश आते ही नया घास उग आए।

चीड़ से निकला रेजिन सरकार को भारी राजस्व दिलाता है, फिर भी हर साल जंगल जलते हैं। सरकार को राजस्व हानि तो होती ही है, किन्तु सबसे बड़ा नुकसान है पर्यावरण को। यदि जंगल इसी तरह जलते रहे तो कुछ ही दशकों में गर्मी असहनीय हो जाएगी। इसलिए सरकार को इन जंगलों को इस तरह स्वाह होने से बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाने चाहिए। लोगों को जागरुक करने से लेकर आग फैलने से रोकने वाले अत्याधिक यंत्रों तक, किसी भी मामले में सरकार की ओर से की गई कंजूसी भविष्य में बहुत महंगी पड़ेगी। चिंताजनक यह है कि अभी कोई इस दिशा में गंभीरता से योजना नहीं बनायी गयी है । एक ओर ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनिया गर्मी से धधक रही है और वन संपदा की जरूरत पर जोर दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर वन सम्पदा जलकर राख हो रही है और इस स तपिश और प्रदूषण और अधिक बढ़ रहा है। हमें वन की आग की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि आक्सीजन का अपार उत्सर्जन के स्रोत हमारे जीवन को मंगलमय बनाने का साधन बने रहें।हिमालय से बह रही शीतल प्राकृतिक हवाएं सिर्फ निकटस्थ क्षेत्र को ही नहीं वरन सुदूर देश की आन्तरिक जलवायु को प्रभावित करती है इस का कोई विकल्प विश्व के सबसे सम्पन्न देशों जैसी हजार सरकारें भी मिलकर तैयार नहीं कर सकती है ये पहाड़ ये वन ये झरने प्राकृतिक धरोहर है इन्हें संरक्षित कर अक्षुण्ण बनाए रखना मानवीय कर्तव्य है।

# अस्थमा की रोकथाम के लिए बचाव और सतर्कता है जरूरी

विनिता झा


विनिता झा
बोरावड़

दुनिया भर के लोगों में अस्थमा सांस से जुड़ी हुई एक गंभीर समस्या बनी हुई है। अक्सर सतर्कता के अभाव में इस बीमारी के कई गंभीर परिणाम सामने आते हैं इसलिए लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से मई के पहले मंगलवार को विश्व अस्थमा दिवस मनाया जाता है। आइये इस लेख के माध्यम से समझते हैं कि अस्थमा किस तरह से नुकसान पहुंचाती है और किस तरह से इस बीमारी का बचाव किया जा सकता है।

### क्या है अस्थमा -

डॉक्टर अनिमेष आर्या, सीनियर कंसल्टेंट, प्लूमोनोलॉजी, श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट ने बताया कि अस्थमा फेफड़ों को प्रभावित करने वाली बीमारी है, जिसमें सबसे पहले तो आपकी सांस की नली में सूजन आ जाती है और यहां सिकुड़न पैदा हो जाती है, जिसके चलते सांस की नली में अतिरिक्त बलगम पैदा हो जाता है और सांस लेने में समस्या होने लगती है। व्यक्ति में यह स्थिति लगातार बने रहने से गंभीर खांसी और जकड़न जैसी समस्याएं पैदा हो जाती है। यह बीमारी किसी भी उम्र के लोगों में विकसित हो सकती है लेकिन ज्यादातर बच्चे इस बीमारी से आसानी से प्रभावित हो जाते हैं। इसलिए सांस की इस बीमारी को भूलकर भी नजरअंदाज ना करें क्योंकि लंबे समय तक बीमारी के बने रहने से ये अनियंत्रित हो जाती है जिससे व्यक्ति के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

### अस्थमा के कारण-

डॉ. नवनीत सूद, सीनियर कंसल्टेंट,पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन, धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली के अनुसार अस्थमा की बीमारी के कई कारण हो सकते हैं। इसके सामान्य कारणों में प्रदूषण के संपर्क में रहना, अधिक धूम्रपान करना, लंबे समय तक रेस्पिरेटरी इनफेक्शन या वायरल संक्रमण से प्रभावित होना, अधिक तनाव और मोटापा जैसे कारण शामिल हैं। यदि आपके परिवार में पहले भी लोग इस बीमारी से प्रभावित रहे हैं तो संभावना है कि आप भी इस बीमारी की चपेट में आ जायें। इसके अलावा यदि आप ऐसी जगह काम करते हैं जहां आपको नियमित रूप से रासायनिक गैस और धुएं के संपर्क में रहना पड़ता है तो भी आप इस बीमारी से प्रभावित हो सकते हैं। अस्थमा की रोकथाम के लिए इस बीमारी के कारणों को समझकर सतर्क रहना आवश्यक है।

**अस्थमा के लक्षण–**

डॉ. सुजान बर्धन, कंसल्टेंट – पल्मोनोलॉजी, नारायणा हेल्थ, आर.एन टैगोर हॉस्पिटल ने बताया कि अस्थमा के लक्षण सभी व्यक्तियों में एक जैसे नहीं होते हैं। अलग–अलग व्यक्तियों में लक्षण भी अलग हो सकते हैं। कुछ लोगों के लिए यह एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या है, जबकि अन्य लोगों के लिए यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। सामान्य रूप से इसके लक्षणों में सांस लेने में कठिनाई होना और सीने में जकड़न महसूस होना जैसे लक्षण आम हैं। इसके अलावा बलगम वाली खांसी, गंभीर स्थिति में खांसी के दौरे आना और सोने में समस्या होना जैसे लक्षण भी महसूस हो सकते हैं, सांस छोड़ते समय घरघराहट होना बच्चों में अस्थमा का एक सामान्य लक्षण है। बीमारी से बचाव के लिए लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है जिससे अस्थमा को सही समय पर नियंत्रित किया जा सके।

### अस्थमा की बीमारी से बचाव-

डॉ. श्वेता बंसल, सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनोलॉजी एंड स्लीप मेडिसिन, नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने बताया कि, अस्थमा की बीमारी को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सकता है लेकिन सावधानी, बचाव और नियंत्रण के माध्यम से इस बीमारी के प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। सबसे पहले तो अस्थमा से बचाव के लिए अपने आसपास साफसफाई रखें, धूल, मिट्टी और धुएँ से बचें। फेफड़ों को हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से योग व्यायाम और वॉकिंग के साथ पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता दें, अधिक तेल और ठंडी चीजों के सेवन से बचें, धूम्रपान न करें, बाहर मास्क पहनकर निकलें, अधिक भाग दौड़ वाले कामों से बचें, यात्रा के दौरान अपना इनहेलर साथ रखें क्योंकि वे मुख्य उपचार हैं और सुरक्षित हैं, अपनी दवाइयों को सही समय से लें, नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें। इन सभी सावधानियों और संतुलित जीवन शैली के माध्यम से अस्थमा के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित हुआ बूथ सम्मेलन

युरेशिया संवाददाता



अम्बेडकरनगर । भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया।बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर हुई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए विपक्षी पार्टियों की कार्यशैली पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री के वीडियो में छेड़ छाड़ कर संविधान को खत्म करने वाला बयान विपक्ष दल के नेताओं के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी संविधान को पूरी तरह से लागू करवा रहे हैं।कांग्रेस गठबंधन अनुसूचित वर्ग और पिछड़े वर्ग के आरक्षण में से धर्म विशेष को आरक्षण देने की योजना पर काम कर रहा है।जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने कहा कि हमारे बूथ के अध्यक्ष , संयोजक प्रवासी प्रभारी मेहनत की पराकाष्ठ कर रहे हैं। बूथ अध्यक्षों को उनके कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वह अपने बूथ पर अधिक से अधिक मतदान कराएं। सभी बूथ अध्यक्षों से अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनाने के लिए जी तोड़ प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अथवा बूथ अध्यक्ष कोई साधारण कार्यकर्ता नहीं बल्कि आने वाले समय का बड़ा नेता है।लोकसभा चुनाव में हमारे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने कहा कि हमारे बूथ का कार्यकर्ता संगठन की नीव और रीढ़ है।भाजपा देश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। आने वाले समय में लोक सभा क्षेत्र को विभिन्न सुविधाओं के मामलों में और बेहतर बनाया जायेगा।कार्यक्रम संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।संचालन जिला मंत्री पंकज वर्मा ने किया। विधानसभा मीडिया संयोजक विकाश निषाद ने बताया कि इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रजनीश सिंह,राणा रणधीर सिंह,जिला मंत्री चन्द्रिका प्रसाद,इंद्रेश निषाद,दीपक तिवारी, रामापति मौर्य, राम किशोर राजभर,ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह,त्रिभुवन नाथ, ओमकार गुप्त , आशुतोष उपाध्याय,नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र,राजा राम मौर्य,सुनील गुप्ता,अनिल वर्मा, शुभम पाण्डेय,रवींद्र भारती,सरिता निषाद समेत प्रभारी ,संयोजक बूथ अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# टांडा विधायक पूर्व मंत्री राम मूर्ति वर्मा को सपा ने बनाया स्टार प्रचारक

शबीह अब्बास/युरेशिया



अम्बेडकरनगर।समाजवादी पार्टी द्वारा छठवें चरण चुनाव को देखते हुए टांडा से विधायक राम मूर्ति वर्मा को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए स्टार प्रचारक बनाया है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव राम गोपाल यादव ने पत्र जारी किया है। जिसमें सपा के राष्ट्रीय सचिव राममूर्ति वर्मा को स्टार प्रचारक बनाया है। जिसकी खबर सुनते सभी समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है, राम मूर्ति वर्मा बहुत ही संघर्षशील नेता हैं हाल ही के दिनों में,समाजवादी पार्टी ने राम मूर्ति वर्मा को मैनपुरी के किशनी विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी थी। कई दिनों से राम मूर्ति वर्मा लगातार किशनी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के लिए प्रचार प्रसार में लगे रहे। राम मूर्ति वर्मा नेता जी मुलायम सिंह यादव के समय से समाजवादी पार्टी में काम करते आए हैं और कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे चुके हैं।

# सपा मुखिया की पुत्री अदिति यादव के साथ विधायक राम मूर्ति वर्मा ने मैच का किया उद्घाटन



युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर। टांडा विधायक राम मूर्ति वर्मा ने किशनी विधानसभा मैनपुरी में सपा मुखिया की पुत्री अदिति यादव के साथ ग्राम चौहान पुर में क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया। पूर्व मंत्री राम मूर्ति वर्मा को समाजवादी पार्टी ने मैनपुरी की किशनी विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी दी है। इसी क्रम में कई दिनों से राम मूर्ति वर्मा किशनी विधानसभा के ग्रामों में लगातार लोगो से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डिंपल यादव को चुनाव जिताने की अपील कर रहे हैं। इस दौरान आदित्य वर्मा सहित सपा के तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेरठ में पहली बार बही बनारस घराने के संजू सहाय के तबला की धारा

युरेशिया संवाददाता






मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के मंच कला विभाग के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शन व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में किया गया। इस सम्मान को ग्रहण करने व अपने प्रदर्शन व्याख्यान को देने लंदन से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बनारस घराने के तबला वादक पं0 संजू सहाय ने इस अवसर पर अपने उच्च स्तरीय तबले के वादन की प्रस्तुति की। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुई। जिसमें विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा मां सरस्वति की आराधना प्रस्तुत की गई। पं0 संजू सहाय बनारस घराने के पं0 राम सहाय घराने की छठी पीढ़ी के वाहक है। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरूआत तीनताल में उठान बजाकर की जिसके बाद उन्होंने अपने घराने की कुछ विख्यात गतों, कायदा रेला एवं बंदिशों इत्यादि को प्रदर्शित कर दर्शकों का मन मोह लिया। सभागार में उपस्थित सभी श्रोता उनके वादन क्षमता को देख अभिभूत हो गये। उनके साथ हारमोनिय पर कुशल संगति सुभारती विश्वविद्यालय के मंच कला विभाग में कार्यरत उस्ताद मेहराज खान के द्वारा की गयी। इस कार्यक्रम में प्रख्यात कलाकारों उस्ताद अकरम खान, पं0 विजय शंकर मिश्र, पं0 हरिदत्त शर्मा, पं बिनोद पाठक, डॉ0 अतुल शंकर, प्रो0 जया शर्मा, प्रो0 रेखा तिवारी, डॉ0 निर्मल डॉ0 शैल शर्मा, अनुप सिंघल एवं डॉ0 अंजली, डॉ0 श्रुति राज वर्मा आदि के साथ शहर व अन्य शहरों के कई गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर मान बढ़ाया।

पं0 संजू सहाय का स्वागत कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल एवं संकाय के डीन प्रो. पिन्टू मिश्रा एवं प्रो. भावना ग्रोवर ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह को देकर किया। सभी दर्शकों ने कार्यक्रम की ज़ोरशोर से सराहना की। संकाय के सभी सदस्य शिक्षकगण डॉ. इन्द्रेश मिश्रा, तनुश्री कश्यप, निशी चौहान, श्वेता सिंह, मेहराज खान, अभिषेक मिश्रा, अक्षय शर्मा एवं फरदीन हुसैन आदि उपस्थित रहें। विभाग के विद्यार्थीयों ने अतिथि वक्ता से कई प्रश्न कर अपनी जिज्ञासाओं को शान्त किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. श्वेता चौधरी के द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन से पूर्व पं0 विजय शंकर मिश्र ने अपनी ज्ञान धारा से उपस्थित दर्शकों की ज्ञान पिपासा को शांत किया। विभागाध्यक्ष मंच कला विभाग डॉ0 भावना ग्रोवर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# डीएवी में मातृ दिवस का हुआ आयोजन

युरेशिया संवाददाता




मेरठ । डीएवी पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर, मेरठ के प्रांगण में 'मातृ दिवस' का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा चार व पांच के विद्यार्थियों ने भाग लियाद्य मातृ दिवस पर अपने भाव व्यक्त करने के लिए पारंपरिक संचार प्रणाली के माध्यम को चुना गया। इसी क्रम में कक्षा चार के विद्यार्थियों ने अपनी प्रिय माता को अपने हृदय के भाव प्रेषित करने के लिए पोस्टकार्ड पर अपने भावों को व्यक्त करते हुए उसे सुसज्जित कर पोस्ट भी किया। वहीं कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों ने 'अंतर्देशीय पत्र' में अपनी 'जननी' के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए काव्य पंक्तियां एवं आलंकारिक कृतियां बनाईं। कक्षा 4 व 5 के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान शहर के मुख्य 'डाकखाना कैंट' का भ्रमण किया और वहां पर की जाने वाली संचार प्रक्रिया को बखूबी समझा और अपने ज्ञान का वर्धन भी किया। मातृ दिवस के शुभ अवसर पर कक्षा 12वीं द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी जननी के साथ–साथ अपनी दादी व नानी को भी स्मरण किया एवं उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कक्षा 12वीं के आरव आही ने ई. क्यू. अर्थात 'इमोशनल क्योशेंट' के माध्यम से विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से अपने सम्माननीय अभिभावकों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या श्रीमती अपर्णा जैन ने विद्यार्थियों द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की तथा उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।

# बेटियां फाउंडेशन ने स्थापना दिवस पर बच्चों का एडमिशन, पौधारोपण व स्वास्थ्य क्षेत्र में किये कार्य

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। आज बेटियां फाउंडेशन ने संस्था कार्यालय एसोसिएट प्लाजा, पीवीएस मॉल पर संस्था के स्थापना दिवस का आयोजन किया सचिव शिवकुमारी गुप्ता ने कहा कि हमारे लिए आज गौरव का दिन है क्योंकि आज के दिन ही हमने जनहित के लिए बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया था।समाज के लिए संस्था ने अपने दस साल अमूल्य योगदान दिया है हमने बच्चों की शिक्षा, बेटियों की सुरक्षा, स्वावलंबन व स्वास्थ्य पर विशेष कार्य किये हैं जिनसे लोग लाभान्वित हुए हैं इसी माह 5 बच्चों का अम्बेडकर इंटर कॉलेज में दाखिला कराया गया है। पिछले साल के किये गए कार्यो की समीक्षा की।पल्लवपुरम क्षेत्रीय संस्था अध्यक्ष बबिता कटारिया मेरठ को ग्रीन धरा बनाने के लिए प्रयासरत है आज पल्लवपुरम में अमरूद के पौधे लगाए गए जहाँ स्थानीय निवासी बिंदिया,कशिश,खुशी, नितीश पेड़ों की देखभाल करेंगे। अध्यक्ष अंजू पांडेय ने आर्थिक तंगी से घिरे लोगो के स्वास्थ्य को लेकर चर्चा की और बताया कि जो व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर है और कोई गंभीर बीमारी से ग्रस्त है और अपना इलाज कराने में असमर्थ है संस्था उन सभी की आर्थिक मदद करेगी। सभी सदस्यो ने समाज हित के कार्यो को विस्तार देने के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आश्वासन दिया शशि बाला ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी तथा जनपद मेरठ के विकास में भागीदारी निभाने की बात कही आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में कुसुम मित्तल, मंजुला शर्मा, विनिता तिवारी, सुधा अरोड़ा, दीप्ति माहेश्वरी, लक्ष्मी बिंदल आदि का विशेष योगदान रहा

## एक नजर..

# एक मोटरसाईकिल चोर को दबोचा




**नाथी सहल/युरेशिया**

चिलकाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकार सदर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कपिलदेव के कुशल नेतृत्व मे पुलिस चेकिंग के दौरान एक नफर अभियुक्त शाहरुख पुत्र नाजिम निवासी सौंधेबास थाना चिलकाना को पंचकुआँ रोड शाहपुरा दाऊद के पास से एक चोरी की मोटरसाइकल काले रंग की सीडी डीलक्स सहित गिरफ्तार किया, आवश्यक कार्यवाही के बाद मा0न्यायलय मे पेश किया जायेगा, गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरक्षक सुरेश कुमार, उप निरक्षक यु टी आकाश, हें0का0 योगेश कुमार मौजूद रहा,

# नकुड पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**विकास शर्मा /युरेशिया**

नकुड़ ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा वांछित वारंटी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नकुड पुलिस ने लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध मे अरुण पुत्र महिपाल निवासी ग्राम मनोहरपुर थाना सदर सहारनपुर को समय करीब 6रू25 अंबाला सरसावा हाईवे के तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में मौजूद रहे थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गौतम उपनिरीक्षक सत्येंद्र शर्मा हेड कांस्टेबल अजीत सिंह महिला कांस्टेबल राधा मौजूद रहे

# सिंचाई विभाग की जमीन कब्जाने, नलकूप व सड़क को क्षतिग्रस्त करने का आरोप

## बेहट विकास मोर्चा से जुड़े सभासदों ने कालोनीनाइजरो पर आरोप लगाते हुए एसडीएम को दिया शिकायती पत्र सरकारी भूमि पर शाकंभरी देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई रैन बसेरा, शौचालय का निर्माण कराने की मांग



**भवानी सैनी/युरेशिया**

बेहट। कस्बे के शाकुंभरी रोड पर काटी जा रही एक कालोनी का विवाद पीछा नहीं छोड़ रहे है। अब बेहट विकास मोर्चा से जुड़े सभासदों ने एसडीएम को शिकायत पत्र देकर कालोनीनाइजरो पर नगर पंचायत की सड़क व नलकूप को खुर्द बुर्द करने, सिंचाई विभाग की जमीन कब्जाने और बिना प्रस्ताव के पेचिंग लगवाए जाने के आरोप लगाए है। पत्र में चेतावनी दी गई कि यदि कार्यवाही नही हुई तो डीएम से शिकायत की जाएगी।

बता दे कि कस्बे के शाकुंभरी रोड पर पावर हाउस के निकट कुछ कालोनीनाइजरो द्वारा प्लाटिंग की जा रही है। यह कालोनी शुरुआती दौर से हो विवादो से घिरी हुई है। मंगलवार को नगर पंचायत बेहट के सभासदों द्वारा बनाए गए बेहट विकास मोर्चा के बैनर तले मोर्चा के अध्यक्ष व सभासद सत्य प्रकाश रोहिला, सभासद शाजिया कुरैशी, सभासद मास्टर जमील, सभासद शाहनवाज उर्फगुल्लू, सभासद आयशा मलिक, सभासपति टीपू सुल्तान, सभासद प्रतिनिधि अजय नौटियाल, सभासद मुर्तजा राही, सभासद संगीता शर्मा के पति बंटी शर्मा, सभासद शाह फरहान आदि के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन एसडीएम बेहट दीपक कुमार को सौंपा गया। सभासद आयशा मलिक ने आरोप लगाया कि कुछ भूमाफियाओं द्वारा शाकंभरी रोड पर प्लाटिंग की जा रही है। भूमाफियाओं ने अपनी कालोनी का सौंदर्यकरण करने और वैल्यू बढ़ाने के लिए नगर पंचायत के नलकूप और सड़क को खुर्द बुर्द कर दिया है और सिंचाई विभाग की जमीन पर भी कब्जा कर लिया है साथ ही कालोनी की वैल्यू बढ़ाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर बिना प्रस्ताव के पूर्वी यमुना नहर पर पेचिंग करा दी गई। सभासद सत्य प्रकाश रोहिला ने आरोप लगाया कि कालोनीनाइजरो ने सिंचाई विभाग की आठ दस बीघा जमीन जिसकी कीमत दस बारह करोड़ रुपए है उसको भी कब्जा कर लिया है। सभासदों ने शाकंभरी रोड पर खाली पड़ी सरकारी जमीन पर शाकंभरी देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई रैन बसेरा, शौचालय का निर्माण कराए जाने और साथ ही वाटर कूलर को दोबारा स्थापित कराए जाने की मांग की है। सभासदों ने ज्ञापन देकर सक्षम अधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।।एसडीएम दीपक कुमार का कहना है कि शिकायत मिली है गहनता से जाँच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# मुंशिफकोर्ट का विरोध किया तो बेहट के अधिवक्ता होंगे आंदोलन को मजबूर

## बेहट बार एसोसिएशन ने सीएम को पत्र भेजकर शीघ्र मुंशिफकोर्ट की स्थापना कराने की मांग कोर्ट की स्थापना का विरोध करने पर की गई निंदा

**भवानी सैनी/युरेशिया**

बेहट। बेहट बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं द्वारा बैठक आयोजित कर तहसील बेहट क्षेत्र में बन रहे मुंशिफ न्यायालय का सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा विरोध एवं कार्य बहिष्कार करने की पुरजोर निंदा की गई। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर बेहट में मुंशिफकोर्ट की शीघ्र स्थापना की जाने की मांग भी की गई। सोमवार को तहसील बेहट में स्थित अधिवक्ता भवन में बेहट बार एसोसिएशन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बोलते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर प्रदीप कुमार एडवोकेट, महासचिव राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि तहसील बेहट में मुंशिफकोर्ट की स्थापना को लेकर काफी वर्षो से अधिवक्तागण एवं घाड़ क्षेत्र की जनता लगातार प्रयासरत है।अब बेहट क्षेत्र में मुंशिफ कोर्ट की स्थापना हेतू कार्यवाही शुरू हुई है तो सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन इसका विरोध कर रही है। जो घोर निंदनीय है। उन्होंने चेतावनी दि कि यदि उन्होंने इसका विरोध बंद नहीं किया तो बेहट के अधिवक्ता गण एवं जनता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगी। बैठक के बाद एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बेहट में शीघ्र ही मुंशिफ न्यायालय की स्थापना कराई जाने की मांग भी की गई। बैठक में धर्मपाल सिंह सैनी, संजीव कुमार शर्मा, लोकेश राणा, राजवीर सैनी, प्रेम सिंह चौहान, संजय चौहान, अशरफ अली, जगदीश प्रसाद, मुकेश गौतम, आदि एडवोकेट मौजूद रहे।

# मई के अंत तक नाला सफाई अभियान पूरा करें: नगरायुक्त

## नालों से कचरा सफाई के लिए फासिंग मशीनें खरीदेगा नगर निगम





**भवानी सैनी/ युरेशिया**

सहारनपुर। शहर को जलभराव से बचाव की दृष्टि से निगम द्वारा चलाये जा रहे नाला सफाई अभियान का नगरायुक्त संजय चौहान ने मंगलवार दोपहर निरीक्षण किया और मई तक नाला सफाई कार्य को हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलभराव की स्थिति में राहत के लिए क्यूआरटी (क्विक रेसपोंस टीमें) गठित करने के भी आदेश दिए। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज दोपहर क्रेगी नाला, खत्ताखेड़ी नाला, पुल खुमरान से बेहट रोड नाला सहित अनेक नालों की नगर निगम द्वारा करायी जा रही सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नालों की सफाई केवल दिखावे के लिए नहीं बल्कि इस उद्देश्य से की जाए कि वर्षाकाल में शहर में जलभराव न होने पाए। उन्होंने मई के अंत तक नाला सफाई अभियान पूरा करने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने पंद्रहवे वित्त से कम से कम दो फासिंग मशीन खरीदने का भी सुझाव दिया जिनसे बड़े नालों की सफाई के अलावा गलियों के नालों की भी सफाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जेसीबी या पोकलेन से शिल्ट तो बाहर निकल आती है लेकिन पानी पर तैरता कचरा नहीं निकल पाता। इसके अतिरिक्त नगरायुक्त ने क्यूआरटी (क्विक रेसपोंस टीम) गठित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चार-चार कर्मचारियों की तीन टीम बनायी जाएं, सभी कर्मचारियों को जूते-दस्ताने सहित नाला सफाई के उपकरणों से लैस रखा जाए। ताकि किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति में इन टीमों को तुरंत भेजकर वहां लोगों को राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने इन टीमों का प्रभारी एक सफाई निरीक्षक को बनाने और जलभराव की स्थिति में कॉल करने के लिए कन्ट्रोल रुम का एक नंबर जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त एस के तिवारी, नगर स्वास्थय अधिकारी रमेश चंद गुप्ता, जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल व सफाई निरीक्षक मनोज आदि शामिल रहे।

# मोहम्मद ऐबाद को सपा ने बनाया स्टार प्रचारक

**आलम जैदी युरेशिया**



अम्बेडकरनगर।समाजवादी पार्टी ने लोक सभा चुनाव को देखते हुए मोहम्मद ऐबाद को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए स्टार प्रचारक बनाया है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव राम गोपाल यादव ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें सपा के मुलायमसिंह यूथ ब्रिगेड प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद ऐबाद को स्टार प्रचारक बनाया है, जिसकी खबर सुनते ही सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। मोहम्मद ऐबाद बहुत ही संघर्षशील नेता हैं हाल ही के दिनों में लगातार वह अपनी टीम के साथ जलालपुर और टांडा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के लिए प्रचार प्रसार में लगे रहे। मोहम्मद ऐबाद नेता जी मुलायम सिंह यादव के समय से समाजवादी पार्टी में काम करते आए हैं। जिन्होंने छात्र राजनीत से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। ऐबाद लखनऊ शिया कालेज के छात्र संघ अध्यक्ष रहे चुके हैं और कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे चुके हैं। मोहम्मद ऐबाद सपा मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के काफी करीबी माने जाते हैं, जो कि लगातर, लखनऊ, कन्नौज, कानपुर में समाजवादी पार्टी के लिए चुनाव प्रचार में जुटे रहे हैं।

# नव जनोदय इंटर कालेज का धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**नाथी सहल /युरेशिया**






चिलकाना । डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मारक विद्यालय तथा नव जनोदय इंटर कॉलेज के 34 वे स्थापना दिवस पर मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

सुल्तानपुर स्थित कॉलेज प्रांगण में कार्यक्रम का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक सहारनपुर मंडल एमएस सिद्दीकी, थाना प्रभारी कपिल देव, एकता जनसेव समिति के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा तथा डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उप शिक्षा निदेशक एमएस सिद्दीकी ने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन का बडा महत्व है। अनुशासित छात्र ही जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने छात्रों से अच्छी संगत में रहकर शिक्षण कार्य करने के लिए कहा। एसओ कपिल देव ने कहा कि शिक्षण संस्थान ही वह स्थान है जहां पर भविष्य की नीव तैयार होती है।

इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले कालेज के छात्र मो. आमीर, निखिल कुमार, देवांश, हर्ष, निखिल सैनी, मोहम्मद सब, अंशुल राज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा केक काटकर कॉलेज का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान डायट प्रवक्ता डा. कमाल, प्रधानाचार्य श्याम कुमार सैनी, ब्रिटिश इंग्लिश केंद्र के डायरेक्टर शमीम अहमद, एसआई करन नागर, सुनील कुमार, अनिल कुमार, विजेंद्र सिंह, मनोज सैनी, सवित कुमार आदि रहे।

# आईसीसीसी प्रोजेक्ट की सुरक्षा और अधिक करने की आवश्यकता: सीईओ चौहान

## स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान ने किया आईसीसीसी का निरीक्षण



**भवानी सैनी/युरेशिया**

सहारनपुर। स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान ने आईसीसीसी का निरीक्षण किया और एनईसी को आईसीसीसी प्रोजेक्ट जल्दी से जल्दी पूरा करने और सुरक्षा व फायर की दृष्टि से विशेष सुरक्षा का ध्यान रखने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी की आईसीसीसी परियोजना का आज दोपहर सीईओ संजय चौहान ने निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था एनईसी के प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि उनके जो काम अधूरे रह गए है, उन्हें शीघ्रातिशीघ्र अंतिम रुप देते हुए आईसीसीसी परियोजना को जल्दी पूरा करें। उन्होंने कहा कि अभी आईसीसीसी प्रोजेक्ट को और अधिक सुरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने परियोजना का सुरक्षा और फायर सर्टिफिकेशन कराने पर बल दिया। सीईओ ने सुरक्षा की दृष्टि से परियोजना के प्रवेश द्वार पर एक चौनल गेट लगाने तथा नीचे ही गेट पर एक सुरक्षा गार्ड तैनात करने तथा वहां एक वैब कैमरा लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले विजिटर का आईडी प्रूफलिया जाए और विजिटर का समय निर्धारित किया जाए।सीईओ चौहान ने जलकल, ईएसएल, प्रदूषण विभाग, एसडीए व विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के डाटा आईसीसीसी के साथ इंटीग्रेट करने पर जोर दिया। उन्होंने आईसीसीसी परियोजना के तहत लगाये कैमरों की जानकारी लेते हुए चौराहों पर लगे कैमरों को जूम कराकर उनकी क्षमता और गुणवत्ता को भी परखा। निरीक्षण के दौरान एस पी अभिसूचना (क्षेत्रीय) शैलेंद्र सिंह राठौर, प्रोजेक्ट कंसल्टेंट पीएमसी स्मार्ट सीटी (आईआईटी रुड़की) गुरप्रीत खुराना, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, प्रोजेक्ट मैनेजर स्मार्ट सिटी जितेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर एनईसी विवेक जोशी, एनईसी के तकनीकी विशेषज्ञ विनित शुक्ला व आईटी ऑफिसर मोहित तलवार आदि मौजूद रहे।

# अशासकीय माध्यमिक विद्यालय की विभिन्न शाखाओं में किया दौरा पुरानी पेंशन बहाली के लिए निरंतर जारी रहेगा संघर्ष: चंद्रहास सिंह



**युरेशिया संवाददाता**

बिजनौर चांदपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ मोहित कुमार शर्मा के नेतृत्व में संगठन की मजबूती के लिए चांदपुर तहसील के विभिन्न माध्यमिक विद्यालय की शाखाओं में दौरा किया। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए हम लोग संगठित होकर संघर्षरत हैं जब तक हु-ब-हू पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा) के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए संगठन की सदस्यता ग्रहण करें और संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ मोहित कुमार शर्मा ने कहा कि मा0 ओम प्रकाश शर्मा जी के संघर्ष की बदौलत अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मान एवं सेवा सुरक्षा मिला है। वित्त विहीन शिक्षकों की सेवा नियमावली व समान वेतन एवं पुरानी पेंशन बहाली के लिए निरंतर संगठित होकर संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर करन वीर सिंह, विजय कुमार यादव, योगेश पाल सिंह, बलराज सिंह, गौरव गौड़, युवराज सिंह, मृदुल कृष्ण, दिनेश कुमार, कृष्ण पाल, हरिताभ शर्मा, फकीर चन्द, गौरव कुमार, जयदीप कुमार, रानी यादव, अखिलेश चौधरी, बिजेंद्र सिंह, हेमेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, निरंजन सिंह, ओमप्रकाश, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, तेज प्रताप, रूकसार, नीलाम, अनिता राज वत्स, विपिन राजवंशी, दीपक कुमार, जय करन सिंह आदि ने संबोधित किया।

# सीएससी वीएलई कि टाटा मोटर्स मंगलम शोरूम पर हुई बैठक

**युरेशिया संवाददाता**




बिजनौर। भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीनस्थ कार्य कर रही संस्था सीएससी के केंद्र संचालकों (वी एल ई) की एक बैठक का आयोजन टाटा मोटर्स कार शोरूम मंगलम बिजनौर पर सोमवार को हुआ। टाटा मोटर्स के साथ आहूत किए गए इस कार्यक्रम में जनपद के 35 सीएससी वी एल ई बंधुओ ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित टाटा मोटर्स मंगलम के मलिक तुषार मंगलम एवं टाटा मोटर्स के उच्च अधिकारी गणों नरेंद्र त्रिपाठी एवं कपिल कुमार ने सीएससी केंद्र संचालकों द्वारा सीएससी ग्रामीण ई स्टोर के माध्यम से टाटा मोटर्स की कारों की बिक्री को जनपद के आसपास एवं दूर- दराज में रहने वाले समस्त नागरिकों तक पहुंचाने पर अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सीएससी के असिस्टेंट मैनेजर सचिन कुमार ने सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर वी एल ई एप की तकनीकी जानकारी देते हुए वी एल ई को अधिक से अधिक लीड जेनरेट कर अधिक इंसेंटिव प्राप्त कर अपनी आय में इजाफा करने के लिए मार्गदर्शित किया। जिला प्रबंधक नसीम अहमद एवं महेंद्र के द्वारा वी एल ई बंधुओ योजनाव्रत तरीके से कार्य करने की सलाह दी गई ताकि टाटा मोटर्स कार ऑटोमोबाइल की ओर से दी जा रही समस्त स्कीम और डिस्काउंट का प्रसारण आम जनमानस तक पहुंचा जा सके। एवं वी एल ई साथी प्रत्येक महीने अच्छी संख्या में टाटा मोटर्स करों को विक्रय कराकर एक अच्छा सम्मानजनक इंसेंटिव प्राप्त करें। कार्यक्रम में जनपद बिजनौर के वी एल ई नवनीत अग्रवाल, रोहित कुमार, दिनेश कुमार, अरुण कुमार, भूपेंद्र भारती, मोहम्मद रफी ,मोहम्मद गुलफाम एवं आजम आदि उपस्थित रहे।

# हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आकर बंदर झुलसा

**अजीत सिंह/ युरेशिया**



अम्बेडकरनगर। हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आकर एक बंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद लोग दंग रह गए। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम घायल बंदर को लेकर अपने साथ चली गई।

सिकंदरपुर के पास एक बंदर ट्रांसफार्मर लगे बिजली के पोल पर चढ़ गया। उछल कूद करते हुए वह अचानक हाई वोल्टेज बिजली के तारों में फंस गया। जिससे झुलस कर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद लोगों ने बंदर को बचाने का पूरा प्रयास किया। लेकिन किसी तरह व खुद ही बिजली के तारों से छूट कर नीचे गिर गया। गांव में अचानक हुई घटना के बाद लोग दहशत में हैं। शेरु , पवन गुप्ता, गुड्डू आफ्ताब, आकाश, अमन, आदि लोगों ने बंदर को प्राथमिक उपचार के बाद पानी पिलाया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी वन विभाग की टीम इलाज के लिए बंदर को अपने साथ लेकर चली गई।

# पूर्व विधायक स्वर्गीय अजीमुलहक पहलवान की चौथी बरसी पर कुरान ख्वानी का हुआ आयोजन

**युरेशिया संवाददाता**



अम्बेडकरनगर। टांडा के पूर्व विधायक स्वर्गीय अजीमुलहक पहलवान की चौथी बरसी पर दुआ और कुरान ख्वानी का आयोजन हुआ। लोगो ने उनकी याद में जगह जगह दुआ और कुरान ख्वानी की स्वर्गीय अजीमुलहक पहलवान 2012 से 2017 तक टांडा विधान सभा से विधायक रहे। विधायक रहते हुए उन्होने टांडा विधान सभा में तमाम विकास कार्यों को किया। जिसकी याद आज भी टांडा वासियों में ताजा हो जाती है उन्हीं की याद में तमाम लोगो ने जगह जगह कुरान ख्वानी कर दुआए मांगी। जिसकी जानकारी उनके पुत्र मुसाब अजीम ने दी है।

## एक नजर..

### मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आज जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा मतगणना तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के साथ वहां साफ-सफाई, पीने का पानी, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टैंट की दुकान में अज्ञात कारणो से लगी आग



युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। कस्बे के मैन बाजार मौहल्ला कमलियान में प्रात अज्ञात कारणो से टैंट की दुकान में आग लग जाने के कारण दुकान के अन्दर रखा हजारो रूपये का सामान जलकर राख हो गया।

कस्बे के मैन बाजार मौहल्ला कमलियान में क्षेत्र के ग्राम मुझेडा सादात निवासी खालिद पुत्र कालू की गुलशन क्राकरी टैंट हाऊस की दुकान है। खालिद रविवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया था। रविवार सुबह दुकान के आसपास रहने वाले दुकानदारो ने खालिद को फोन कर सूचना दी कि उसकी दुकान में आग लगी हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे खालिद ने अन्य लोगो की मदद से घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उस समय तक दुकान में रखा हजारो रूपये का टेंट का सामान जलकर राख हो गया।

### चोरी के माल सहित एक चोर गिरफ्तार

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। पुलिस ने कस्बे के मैन रोड पर स्थित एक बिजली मोटर रिपेयरिंग की दुकान से हुए तार चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी चोर को चोरी के माल व एक कार सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

क्षेत्र के ग्राम सम्भलहेडा निवासी जगपाल पुत्र नाहर सिंह की मैन रोड शर्मा धर्म कांटे के सामने बिजली मोटर रिपेयरिंग की दुकान है। 22 फरवरी को अज्ञात चोरो ने दुकान का शटर तोडकर दुकान के अन्दर रखा लाखो रूपये का तांबे का तार चोरी कर लिया था। पुलिस उसकी समय से मामले के खुलासे में लगी हुई थी। सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक दुकान से चोरी हुआ तांबे का तार एक व्यक्ति अपनी कार द्वारा उसे बेचने के लिए राजवाहे की पटरी से जा रहा है। पुलिस ने सूचना पर टूटी पुलिया राजवाहे की पटरी पर चौकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस को एक वेगन आर कार आती दिखाई दी। जिसे पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार लेकर फरार होने लगा। पुलिस ने पीछा कर कार चालक को पकड लिया। पुलिस को कार की तलाशी के दौरान उसके अन्दर से 42 किलो तांबे का तार बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकडे गये चोर ने अपना नाम मोनू उर्फ सरफराज पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम व थाना किला परीक्षित गढ जनपद मेरठ बताया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। इंस्पेक्टर मीरापुर दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि पकडे गये चोर पर थाना मेडिकल कालेज मेरठ पर भी चोरी का मुकदमा दर्ज है।

### युवती ने छेडछाड व रिश्ता तोडने की धमकी से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाया, मौत

युरेशिया संवाददाता



मृतका का फाईल फोटो।

मीरापुर। क्षेत्र के ग्राम कैथोडा निवासी एक युवती ने छेडछाड व रिश्ता तोडने की धमकी से परेशान होकर व जहरे पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर युवती को मुजफ्फरनगर स्थित एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवती के भाई ने युवती के होने वाले दो देवरो व उनके दो अन्य साथियों के विरूद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने की तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के ग्राम कैथोडा निवासी फरमान पुत्र यूसुफउर्फकलवा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि दो वर्ष पूर्व उसके परिजनो ने उसकी बहन माना खातून का रिश्ता खुर्शीद पुत्र इस्लाम गांव निवासी कैथोडा हाल निवासी गनी नगर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद के साथ किया था। रिश्ते के बाद खुर्शीद व उसके भाई सईम व अजीम पुत्रगण इस्लाम के साथ गांव कैथोडा निवासी शबाब पुत्र नवाब व आसिफ पुत्र मोमीन का भी माना खातून के घर आना जाना हो गया। उसी दौरान शबाब व माना खातून आपस में बातचीत करने लगे। कुछ दिनो पूर्व शबाब ने माना खातून के बारे में गलत बाते उसके ससुराल वालो को बतानी शुरू कर दी। शबाब माना खातून पर अपने साथ शादी करने का दबाव बनाने लगा। शबाना खातून के मना करने पर उपरोक्त चारो माना खातून पर खुर्शीद से रिश्ता तोडने का दबाव बनाने लगे। इसी बात से माना खातून परेशान रहने लगी। रिश्ता टूट जाने की बात से परेशान व तंग आकर माना खातून ने रविवार रात्रि करीब 8 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिजन उसे मीरापुर स्थित एक प्राईवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां हालत बिगडने पर डाक्टरो ने उसे मुजफ्फरनगर स्थित एक प्राईवेट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान सोमवार सुबह माना खातून की मौत हो गई। मृतका के भाई ने चारो युवको को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर माना खातून के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर मीरापुर दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि मृतका के भाई ने चार युवको को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। मृतका के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है उच्चाधिकारियों के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# फैज-ए-आम कालेज में विश्वविद्यालय यू.जी. (N.E.P.) के अन्तर्गत कैरियर ऑरिएंटिड विषयों में विद्यार्थी ले रहे हैं रूचि

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। फैज-ए-आम डिग्री कॉलेज, मेरठ में अब विद्यार्थियों को शिक्षा की गुणवत्ता पर केन्द्रित किया जा रहा है N.E.P-2020 ? के अनुसार शासनध्यू.जी.सी. द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने व रोजगार परक शिक्षा हेतु जो विषय एवं पाठ्यक्रम बनाया है।

उसी के अनुसार फैज-ए-आम डिग्री कालेज, मेरठ विद्यार्थियों में शिक्षा की गुणवत्ता के प्रति प्रेरित कर रहा है। और विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए विद्यार्थियों को उच्च स्तर की शिक्षा दी जा रही है तथा प्रत्येक विद्यार्थी को यह भी बताया जाता है ? कि वह शिक्षा की गुणवत्ता से किस प्रकार अपना कैरियर बना सकते हैं। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020 (N.E.P -2020) में तीन नए विषय जोड़े गए हैं जैसे को-कुरिकुलर (Co-Curricular), माईनर इलेक्टिव तथा वोकेशनक/ स्किल डवलपमेंट (Skill Development) जो विद्यार्थियों के कैरियर के लिए अत्याधिक आवश्यक एवं लाभकारी है। जिसके आधार पर विद्यार्थी अपना रोजगार भी शुरू कर सकता है तो दूसरों को भी नौकरी दे सकता है। वोकेशनकध्स्किल डवलपमेंट विषयों में कॉलेज ने जो विषय चुने हैं वह अपने आप में विशिष्ट है और पूर्णरूप से व्यवसायिक है। जैसे Food Processing जो विश्व का नम्बर 01 व्यवसाय है। Food Preservation जिसमें यह सिखाया जाता है कि खाद्य पदार्थो (भोजन) की लम्बे समय तक गुणवत्ता कैसे बनाए रखे जिसके Practical भी कराये जाते हैं। Food Testing and Quality Control अर्थात खाद्ध पदार्थों की गुणवत्ता का परीक्षण, कम्प्यूटर बेसिक अर्थात व्यवसाय में कम्प्यूटर का महत्व। इसी प्रकार Co-curricular और Minor Elective विषय भी इस आधार पर बनाये गए हैं। जिससे की विद्यार्थी Competative परीक्षाओं में भी सफ्लता प्राप्त कर सके। जिसका परिणाम कालेज का परीक्षाफ्ल जो अपने आपमें उच्च स्तर पर है। जिसका मुख्य कारण है नियमित कक्षाऐं चलाना, विश्वविद्यालय की परीक्षाओं से पूर्व Internal Assessment Viva तथा कालेज स्तर पर प्रत्येक विषय की Pre-University परीक्षाएं कराना तथा विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के दौरान भी extra Classes चलाना जिससे की विद्यार्थी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं से पूर्व ही अपने समस्त विषयों की तैयारी पूर्ण कर लें और विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में अधिकतम अंक प्राप्त करके अपना, अपने परिवार का, अपने विद्यालय का तथा अपने विश्वविद्यालय (चौधरी चरण सिंह विविद्यालय) का नाम रोशन करें। विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कालेज के बी.ए. ( N.E.P) प्रथम सैमिस्टर का परीक्षाफल उच्च स्तर का रहा जिसमें लगभग 90 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए तथा विषयवार विद्यार्थियों को अधिकतम अंक प्रतिशत का इस प्रकार है- (1) हिन्दी 85 प्रतिशत (मौ. याहया) (2) उर्दू-85 प्रतिशत (शादाब जफर) (3) अंग्रेजी-67 प्रतिशत (समीर) (4) इतिहास-66 प्रतिशत (शुऐब आलम) (5) राजनीति शास्त्र-प्रथम 80 प्रतिशत (दीपांशु एवं शायना) (6) राजनीति शास्त्र-द्वितीय 90 प्रतिशत (सावर कुमार एवं अमरीन राजपूत), (7) को-कुरीकुलर (Co-Curricular) 85 प्रतिशत (फरहीन) (8) माईनर इलैक्टिव-81 प्रतिशत (मौ. साहिब अंसारी) (9) वोकेशनल/ स्किल-92 प्रतिशत (अमरीन राजपूत, फरहीन, गुलफ्शा) कालेज में प्रथम स्थान फरहीन (81.71 प्रतिशत) द्वितीय स्थान अमरीन राजपूत (76.85 प्रतिशत) तृतीय स्थान इरम जहाँ (74.85 प्रतिशत)। फैज-ए-आम डिग्री कालेज, मेरठ में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों की प्रतिशत इण्टर की तुलना में बढ़ी है तथा अधिकतम विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिसका मुख्य कारण विद्यार्थियों का शिक्षाध्कैरियर के प्रति समर्पण तथा अध्यापकों द्वारा पठन-पाठन की क्रिया पद्धति में बदलाव है। यह जानकारी कालेज के प्राचार्य डा. एफ रहमान ने दी है।

# कपसाड़ में युवक की मौत, हत्या की आशंका

### मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

सरधना। मंगलवार की शाम सरधना के कपसाड़ गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों की माने तो युवक की मौत से कुछ समय पहले ही पिता-पुत्र के बीच झगड़ा हुआ था। परिजन आनन-फानन में शव के अंतिम संस्कार की तैयारी में थे। पुलिस को युवक की हत्या की सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में लगी है।

कोतवाली क्षेत्र के कपसाड़ गांव निवासी मनीष पुत्र मनोज की मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शाम को ही परिजन युवक के शव का अंतिम संस्कार की तैयारी करने में लग गए। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना कर दी कि युवक की पीट-पीटकर हत्या की गई है। सूचना मिलते ही रात को पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में लगी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर प्रताप सिंह का कहना है कि संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हुई है। शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मनीष की मौत से पहले उसका अपने पिता किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। उसके कुछ देर बाद पता चला कि युवक की मौत हो गई है। गांव में युवक की हत्या की सूचना फैल गई। कुछ देर बाद बात चली कि छत से गिरकर युवक की मौत हो गई है। कुल मिलाकर युवक की मौत का कारण पता नहीं चल सका। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में लगी है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव की ध्यान से जांच की तो दिखाई दिया कि उसके सिर में चोट का निशान है। चोट का निशान छत से गिरने या सिर में कुछ लगने की बात सही स्पष्ट नहीं हो सकी।

### गड़ीना में राष्ट्रीय जाटव महासंघ की बैठक




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय जाटव महासंघ की एक आवश्यक बैठक का आयोजन ग्राम गढीना में किया गया। मीटिंग में संगठन के विस्तार तथा बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।राष्ट्रीय जाटव महासंघ समाज पर हो रहे जुल्म, ज्यादती, अत्याचार पर पिछले दो वर्षों से लड़ाई लड़ रहा है।और इसमें राष्ट्रीय जाटव महासंघ की टीम को सफ्लता भी मिल रही है।अपने समाज पर जहाँ भी जिस क्षेत्र में अत्याचार उत्पीड़न होता है राष्ट्रीय जाटव महासंघ उस पर तुरंत कानूनी कार्यवाही करने का काम करता है।इस अवसर पर राष्ट्रीय जाटव महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेमपाल गौतम, राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आर.बी.सिंह, महेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष देवेंद्र बौद्ध, ठेकेदार ओमपाल सिंह तथा ग्रामीणों सहित मीटिंग में सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।आस पास के ग्राम वासियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।सभी ने राष्ट्रीय जाटव महासंघ की तालियों बजाकर प्रसंशा की।

### मजदूरी के पैसे मांगने पर मारपीट

युरेशिया संवाददाता



सरधना (मेरठ) थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दबथुवा मे कारागारी के पैसे मांगने गए मिस्त्री को दबंगों ने दबोच कर घायल कर दिया।

पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर दबंगो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है, पीड़ित असलम पुत्र अनवर ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि प्रार्थी फेब्रिकेशन रेलिंग शटर गेट विंडो लोहे की बनाने का कार्य करता है तथा भैंसा बुग्गी आदि की रिपेयरिंग का कार्य करता है इसी संबंध में गत वर्ष दिसंबर माह में प्रार्थी की दुकान पर गांव के ही सेठ, कपिल, मनोज पुत्रगण प्रकाश चौधरी आए और अपने घेर का लोहे का गेट बनवाया तथा भैंसा बुग्गी मे रिपेयरिंग कार्य कराया इस कार्य में लागत और रिपेयरिंग की मजदूरी सब कुछ जोड़कर 55000 रुपए का हिसाब जोड़ा गया उक्त लोगों ने इस धनराशि में से 30000 जमा कर दिए जिसमें से ?25000 बाकी रह गए बाकी की धनराशि जनवरी में देने का वादा किया जैसे ही प्रार्थी वादे अनुसार उपरोक्त के घर पैसे लेने पहुंचा उक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट और गाली गलौज कर घायल कर दिया शोर शराबा सुनकर आए ग्रामीणों ने मामला शांत कराते हुए पुनः फरवरी माह में बाकी की धनराशि दिलाने का समय रखा इसके बाद उन लोगों ने पैसे देने से इनकार कर दिया इसकी शिकायत मैंने उनकी माता जी से की माता जी ने 7 मई को शाम को पैसे दिलाने का वादा किया मैं समय अनुसार उनके घेर पर पहुंचा और बाकी के रुपए मांगे इस पर उन लोगों ने आग बबूला होकर सामूहिक रूप से मुझ पर हमला बोल दिया तथा लोहे के पंच और बुग्गी के डंडों से से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया प्रार्थी ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए डॉक्टरी मुआयना कराकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### मुंडाली पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

# पुलिस ने नेत्रहीन और दिव्यांग व्यक्ति पर लिखा चाकू से हमला करने का मुकदमा

युरेशिया संवाददाता




मेरठ। एक तरफतो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश की पुलिस की छवि सुधारने के लिए एड़ी से लेकर चोटी तक जोर लगाए हुए हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश में कुछ मामले ऐसे भी सामने आ रहे हैं जिनको देखकर कहा जा सकता है कि पुलिस सुधारने का नाम नहीं ले रही है। यूं तो उत्तर प्रदेश पुलिस अपनी कार्रवाई के चलते आए दिन जनता के सवालों के घेरे में घिरी रहती है। लेकिन पुलिस अपनी छवि सुधार नहीं पा रही है। यही कारण है कि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास अभी पूरी तरह से स्थापित नहीं हो रहा। और उत्तर प्रदेश पुलिस आए दिन अपनी किरकिरी करा रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस अपराधियों को बचाने में और निर्दोषों को फंसाने में महारत हासिल किए हुए हैं। हालांकि जिलों के कप्तानों ने अपने अधिनस्थों को साफसुथरी करवाई आदेश दे रखा है। लेकिन थानों के थाना अध्यक्ष और हल्का प्रभारी उनके आदेशों को आए दिन ठेगा भी दिख रहे हैं। मेरठ के थाना मुंडाली से एक ऐसी पुलिस की करतूत सामने आई है। जिसके कारण मुंडाली पुलिस की छवि लगातार जनता में नजर में किरकिरी हो रही है। यहां पुलिस ने समाजवादी पार्टी के तथाकथित नेता के दबाव में आकर नेत्रहीन और दिव्यांग व्यक्ति पर अपने भाई पर चाकू से हमला करने का मुकदमा लिख दिया है। इससे पुलिस की भ्रष्ट कार्यशैली पर क्षेत्र की जनता सवाल खड़े कर रही है। वही पीड़ित ने बताया कि वह 100: दिव्यांग है। इतना ही नहीं वह नेत्रहीन है। उनका आपस में भाइयों का कृषि और घर की जमीन को लेकर बंटवारा होना है। जिसमें उसका बहनोई दीपक और बहन अपना हिस्सा या 10 लाख रुपए मांग रहे हैं। यही कारण है कि घर में भाइयों में विवाद चल रहा है। इतना ही नहीं उसका छोटा भाई एक समाजवादी पार्टी के तथाकथित नेता के यहां नौकरी करता है। उसने पुलिस पर अपने सफेद पोशाक होने का रोग गालिब करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। इतना ही नहीं पीड़ित कपिल पुत्र नानक सिंह ने बताया कि तथाकथित समाजवादी पार्टी के नेता और उनके बहनोई दीपक व बहन ने उनकी मां को और भाई को बरगला दिया है। जिसके कारण घर में झगड़ा चल रहा है। और आए दिन झूठी शिकायतें भाइयों के खिलाफकरवा रहे हैं। पीड़ित ने बिना जांच किये मुकदमा लिखने वाली थाना पुलिस की डीजीपी लखनऊ से शिकायत करने की बात कही है।

**बहनोई और बहन मांगती है हिस्सा**

पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी दीपक पुत्र करण ग्राम भमोरी थाना सरधना में की थी। बहनोई दीपक का परिवार व दीपक अवैध शराब का कारोबार करता है। जिसका पीड़ित ओर उसका परिवार लगातार विरोध कर रहा है। कई बार बहनोई दीपक की अवैध शराब की गाड़ी भी पकड़ी गई। जिसके कारण कई बार बहनोई दीपक घर से मदद के लिए पैसे लेकर गया था। जिसका हमने विरोध भी किया। लेकिन बहनोई दीपक ने मां और छोटे भाई को बहकाकर अपने कब्जे में ले लिया। यही कारण है कि भाइयों में जमीन का बटवारा नहीं होने दे रहा है। जबकि जमीन सभी भाइयों के नाम दादी कर गई थी। पीड़ित ने बताया कि बटवारा करने के एवज में बहनोई दीपक 10 लख रुपए या दो बीघा जमीन की डिमांड कर रहा है। जो संभव नहीं है। अन्यथा घर में आपस में विद्रोह कराने और भाइयों पर मुकदमे लिखने की धमकी दे रहा है। इसीलिए लगातार हमारी मां और भाई से झूठी शिकायतें पुलिस को करवा रहा। यही कारण है कि मुझ नेत्रहीन पर पुलिस ने भाई पर चाकू से हमले का मुकदमा लिख दिया।

### समाजवादी पार्टी के नेता के दबाव में मुकदमा लिखने का आरोप

**मुंडाली पुलिस की एक तरफा कार्रवाई से दुखी पीड़ित**

पीड़ित ने बताया कि मुंडाली पुलिस की एक तरफा कार्रवाई से वह दुखी और मानसिक तनाव में है। पुलिस में एक तरफा कार्रवाई करते हुए दबाव में आकर मुकदमा लिख दिया। जबकि किस्सा बंटवारे को लेकर कहां सुनी होने होने का अंदेशा जताते हुए पीड़ित जनसुनवाई पोर्टल पर पुलिस के मुकदमा लिखने से 10 दिन पहले अपनी शिकायत डाल रखी थी। लेकिन मुंडाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### ट्रैफिक सिपाही को ट्रक ने कुचला

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। परतापुर थाना के दिल्ली रोड खरखौदा मोड पर ड्यूटी पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस के सिपाही को तेज गति से जा रहे ट्रक ने चपेट में ले लिया। उनका पैर बुरी तरह से कुचल गया। ट्रैफिक पुलिस के सिपाही बंगाली बाबू दिल्ली रोड पर खरखौदा मोड़ पर शाम को ड्यूटी पर थे। उसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें साइड मार दी। उन्होंने खुद को बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसके बाद भी ट्रक उनके पैर पर चढ़ गया। वह बुरी तरह जख्मी हो गए। वहां काफी भीड़ जमा हो गयी। वहां मौजूद स्टॉफ ने किसी प्रकार घायल बंगाली बाबू को संभाला। उन्हें तत्काल गाड़ी से अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने उनके पैर में गंभीर चोट की बात कही है। इंस्पेक्टर परतापुर जयकरण सिंह ने बताया कि बंगाली बाबू के पैर पर ट्रक चढ़ाने वाले चालक अशफाक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ट्रक सीज कर लिया गया है। ट्रैफिक के घायल सिपाही के परिजनों को भी हादसे की सूचना दी गयी है। सूचना के बाद परिवार के सदस्य भी रवाना हो गए हैं।

# भगवन्त हॉस्पिटल के पंचकर्म विभाग में नेशनल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। भगवन्त आयुर्वेदिक कॉलेज एवम भगवंत हॉस्पिटल में पंचकर्म विभाग द्वारा पंचकर्म थैरेपी एवम लाइव डिमोस्ट्रेशन ऑफ नस्य कर्म ष्मंथन 2024ष् के अंतर्गत एक दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ अनिल सिंह ने मुख्य अथिति विश्व आयुर्वेद परिषद के अध्यक्ष एवम रजिस्ट्रार आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रोफेसर डॉ गोविंद शुक्लाए प्रोफेसर शम्भू दयाल शर्मा विभागाध्यक्ष श्रीकृष्ण आयुर्वेद विश्विद्यालय कुरुक्षेत्र हरियाणाए कॉन्फ्रेंस के मुख्य वक्ता डॉ चारु सुप्रिया पपरौला राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज हिमाचल प्रदेशए डॉ अनुराग गिरधर आयुर्वेदिक राजकीय मेडिकल ऑफिसर पंजाबए डॉ प्रवेश ओहलन हिसार को स्मृति चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया।


इस अवसर पर संस्थान के उपनिदेशक डॉ अजय गुप्ताए सह निदेशक डॉ पुष्पनील वर्मा भगवन्त आयुर्वेदिक कॉलेज एवम भगवन्त हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ अजय कुमार शर्माए एजीएम फाइनेंस ऑफिसर दुष्यंत कुमारए डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ आदित्य कुमार शर्माए नेशनल कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ विवेक अहलावतए सह संयोजक डॉ विशाल कुमार उपस्थित रहे। सभी ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर कॉन्फ्रेंस का आयोजन प्रारंभ किया। एक दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस में पंजाबए हरियाणाएदिल्लीए उत्तराखंडए राजस्थान मध्यप्रदेश आदि प्रदेशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस कॉन्फ्रेंस के मुख्य शीर्षक रू पंचकर्म फॉर मेन्टल डिसऑर्डरए पंचकर्म फॉर लाइफ स्टाइल डिसऑर्डरए पंचकर्म फॉर स्किन डिजीज पंचकर्म फॉर रेस्पिरेटरी डिसऑर्डरए पंचकर्म फॉर जॉइंट डिसऑर्डर आदि विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखें जिससे छात्रों को उनकी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त हुआ। डॉ चारु सुप्रिया ने अपने उद्बोधन में मन और इंद्रियों के विषय मे गंभीर चर्चा कीए उन्होंने बताया कि किस प्रकार मन को नियंत्रित किया जा सकता है। मानसिक रोग क्या है उनको कैसे नियंत्रित किया जाएए उन्होंने बताया कि मई माह को मेन्टल हेल्थ जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। इस कॉन्फ्रेंस में छात्रों ने ओरल प्रेजेंटेशनए पोस्टर प्रेजेंटेशनए मॉडल प्रजेंटेशन के माध्यम से अपना अपना शोध प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में भगवन्त आयुर्वेदिक कॉलेज एवम भगवन्त हॉस्पिटल के डॉ शमशेर सिंगए डॉ ऋतु सैनीएडॉ जितेंद्र मेवाराएडॉ निशा यादवए डॉ राशि गर्गए डॉ उबा प्रसादए डॉ निष्ठा जैनएडॉ मीनू कौशिकए डॉ नीरज घलायनए मि0 योगेंद्र सिंहए भगवन्त आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी अभय वैश्यए पंजीकरण समिति में वंशिका शर्माए कनिका रघुवंशीए स्वाति सिंहए नीतीश कुमारए आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




बीआईटी के भगवन्त हॉस्पिटल के पंचकर्म विभाग में नेशनल कॉन्फ्रेंस में मौजूद अतिथिगण।

### दुकान से खाद्य सामग्री लेने जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

युरेशिया प्रतिनिधि



सरधना (मेरठ) थाना क्षेत्र के अंतर्गत तहसील मुख्य द्वार के बराबर में मोहल्ला सांसी कॉलोनी मे परचून की दुकान से खाद्य सामग्री लेने जा रहे हैं युवक को दबंगों ने लाठी डंडों से बुरी तरह जान से मारने की नीयत से मारा पीटा और कपड़े फाड़ दिए इसी दौरान उसकी जेब से 3000, लूट लिए घटना के समय लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। किसी तरह लोगों ने युवक की जान बचाई।

प्राप्त विवरण के अनुसार विक्की कुमार पुत्र रमेश चंद ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया किमोहल्ला सांसी कॉलोनी गली के सामने स्थित शिव मंदिर के पास में परचून की दुकान से घरेलू खाद्य सामग्री लेने जा रहा था तभी मंदिर गेट के सामने प्रार्थी को घात लगा कर बैठे भंडारी पुत्र उदय सिंह, चीनू पुत्र राजू व उनके परिजनों ने लाठी डंडों और लात घुसो से जान से मारने की नीयत से बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया लगभग 5:00 तक मारते पीटते रहे इस दौरान प्रार्थी के कपड़े फाड़ दिए और उसकी जेब से 3000, लूट लिए प्रार्थी रंगाई पुताई का कार्य करता है, प्रार्थी आज काम कर के रुपए लेकर आया था घटना स्थल पर झगड़े के दौरान जब प्रार्थी बेहोश हो गया। वहां जमा हुई लोगों की भीड़ ने प्रार्थी को किसी तरह उनके चंगुल से छुड़ाया और मेरी जान बचाई इस दौरान प्रार्थी को गंभीर चोटें आई है। प्रार्थी ने तहरीर के माध्यम से डॉक्टरी मुवायना करा कर थाना पुलिस से आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)